हिन्दी दैनिक

# तीसरा विकल्प न्यूज़

(लखनऊ से प्रकाशित)

वर्षः- 02, अंकः-187, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.

लखनऊ, शुक्रवार 20 दिसम्बर 2024



लाखों की लागत से बने पंचायत भवन में लटक रहा ताला ...02

जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशा अनुसार प्रशासन...06



सोना 645 गिरकर 76,013 पर आया



सेंसेक्स 964 अंक गिराकर 79,218 पर बंद



रुपया रिकॉर्ड ऑल टाइम लो पर आया

## संक्षिप्त समाचार

### समान नागरिक संहिता के लिए बीजेपी का नया प्लान

**लखनऊ, संवाददाता।** बीजेपी ने हमेशा से देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने की वकालत की है, और यह मुद्दा जनसंघ के समय से ही पार्टी के एजेंडे का हिस्सा रहा है। जब से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है, तब से इस मुद्दे पर पार्टी ने लगातार जोर दिया है। बीजेपी ने राम मंदिर, अनुच्छेद 370 को हटाने और समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों को अपने राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बनाया था। राम मंदिर का सपना तो साकार हो चुका है, अनुच्छेद 370 को खत्म किया जा चुका है, अब सिर्फ समान नागरिक संहिता को लागू करने का काम बाकी है, जिसे बीजेपी और मोदी सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के जरिए अयोध्या में राम मंदिर बनाने का रास्ता साफ हुआ, और मोदी सरकार ने संसद के जरिए अनुच्छेद 370 को खत्म किया।

### भारी हंगामे के चलते नहीं चली संसद

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर के संदर्भ में की गयी एक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के जोरदार हंगामे के कारण संसद के दोनों सदनों में आज भी कोई कामकाज नहीं हो पाया और बैठक दिन भर के लिए स्थगित कर दी गयी। इसके अलावा संसद परिसर में राहुल गांधी की ओर से की गयी धक्कामुक्की के दौरान घायल हुए दो भाजपा सांसदों के मुद्दे पर भी विपक्षी दल को जमकर घेरा जा रहा है। सुबह विपक्षी सदस्यों ने संसद परिसर में मार्च निकाला तो भाजपा सांसदों ने कांग्रेस पर बाबासाहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। संसद भवन के 'मकर द्वार' के निकट सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य एक दूसरे के सामने आ गए और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान हुई धक्कामुक्की में दो भाजपा सांसद घायल हो गये।

मुख्यमंत्री योगी ने सुशासन सप्ताह का किया शुभारंभ, बोले,

# सुशासन का प्रतीक माने जाते हैं अटल जी





**लखनऊ, संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी सुशासन का प्रतीक माने जाते हैं। राजनीतिक अस्थिरता को स्थिरता में बदलना, सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करना, देश के अंदर अंत्योदय की योजना, हर गरीब-वंचित को अधिकार मिले, अंत्योदय कार्ड-राशन उपलब्ध कराने की कार्रवाई हो, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, अनुसूचित जाति-जनजाति या पिछड़े वर्ग को उनका अधिकार दिलाने के साथ ही स्वर्णिम चतुर्भुज, विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर व हाईवे अटल जी की देन है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को संगीत नाटक अकादमी में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया। सीएम ने अटल जी के व्यक्तित्व, कृतित्व पर लगाई गई प्रदर्शनी का शुभारंभ व अवलोकन किया। अटल जी के जन्मदिवस की 100वीं वर्षगांठ पर 25 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि आज से हर जनपद में कार्यक्रम प्रारंभ हुए है, जो सप्ताह भर (25 दिसंबर) चलेंगे। स्कूली बच्चों के लिए सुशासन पर निबंध लेखन, उच्च शिक्षा स्तर पर भाषण, पेंटिंग प्रतियोगिता, ग्रामीण क्षेत्र में संगोष्ठी के आयोजन हो रहे हैं। इसके साथ ही पूरे वर्ष भर भी आयोजन होंगे। विजेताओं को 25 दिसंबर को सम्मानित किया जाएगा। इस दिन शाम को अटल जी की कविताओं पर आधारित काव्य संध्या भी हर जनपद, स्कूलों-कॉलेजों में होगी। इसमें नवोदित कवियों को मंच प्रदान किया जाएगा।

### बलरामपुर व लखनऊ से अटल जी ने संसद में उत्तर प्रदेश का किया प्रतिनिधित्व

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत मां के महान सपूत, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। पीएम मोदी की प्रेरणा से आज से पूरे देश-प्रदेश में सुशासन सप्ताह का शुभारंभ हो रहा है। अटल जी की पैतृक जन्मभूमि उत्तर प्रदेश है। उन्होंने अपनी कर्मभूमि के रूप में भी उत्तर प्रदेश को ही चुना। बलरामपुर व लखनऊ से कई बार उन्होंने संसद में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। विदेश मंत्री, प्रधानमंत्री के रूप में भी उन्होंने देश को सक्षम नेतृत्व प्रदान किया। अटल जी कवि, पत्रकार, साहित्यकार व राजनेता थे। वे समन्वय के साथ सबको लेकर चलने का सामर्थ्य रखते थे। वे भारतीय राजनीति के अजातशत्रु कहे जाते थे। अटल जी का छह दशक का सार्वजनिक जीवन बिना किसी कलंक के रहा।

### अटल जी की सेवाएं व कृतित्व देशवासियों के लिए प्रेरणा

मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल जी की सेवाएं व कृतित्व देशवासियों के लिए प्रेरणा है। सुशासन सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर प्रदेश के हर स्कूल-कॉलेज, संस्थान में इससे संबंधित कार्यक्रम होंगे। श्रद्धेय अटल जी के आदर्शों से प्रेरणा हम सभी का मार्गदर्शन होगा। अटल जी ने सुशासन के जिन लक्ष्यों को देखा और सोचा था, पीएम मोदी के नेतृत्व में देश इसे प्रभावी ढंग से लागू भी कर रहा है। यह लक्ष्य प्रदेश भी प्राप्त करेगा। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## उप-राष्ट्रपति के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव खारिज

राज्यसभा के उप-सभापति बोले- यह धनखड़ की छवि खराब करने की कोशिश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा के सभापति और उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष की तरफ से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को उप-सभापति हरिवंश ने खारिज कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, उप-सभापति ने कहा कि यह नोटिस विपक्ष का गलत कदम है, जिसमें बहुत खामियां हैं और जो सिर्फ सभापति की छवि खराब करने के मकसद से लाया गया है। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि महाभियोग का नोटिस देश के संवैधानिक संस्थानों को बदनाम करने और वर्तमान उपराष्ट्रपति की छवि धूमिल करने की साजिश का हिस्सा है। संसद के शीतकालीन सत्र के 10वें दिन (10 दिसंबर) विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के जनरल सेक्रेटरी पीसी मोदी को धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था। पीसी मोदी ने ही आज उप-सभापति का जवाब सदन में रखा। राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर इंडिया ब्लॉक ने 11 दिसंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- सभापति राज्यसभा में स्कूल के हेडमास्टर की तरह व्यवहार करते हैं। विपक्ष का सांसद 5 मिनट भाषण दे तो वे उस पर 10 मिनट तक टिप्पणी करते हैं। सभापति सदन के अंदर प्रतिपक्ष के नेताओं को अपने विरोधी के तौर पर देखते हैं। सीनियर-जूनियर कोई भी हो, विपक्षी नेताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर अपमानित करते हैं। उनके व्यवहार के कारण हम अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए मजबूर हुए हैं।

### युवा कांग्रेस ने किया अमित शाह के खिलाफ प्रदर्शन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** युवा कांग्रेस ने गुरुवार को यहां बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के खिलाफ गृह मंत्री अमित शाह के बयान के विरोध में प्रदर्शन किया और कहा कि श्री शाह अपने बयान के लिए माफी मांगें वरना संगठन के कार्यकर्ता अब सड़कों पर उतर कर देशव्यापी प्रदर्शन करेंगे। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे के अनुसार संगठन के कार्यकर्ता प्रदर्शन के लिए युवा कांग्रेस के कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए और उन्होंने वहां विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया, इस दौरान प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नियत बाबा साहब अम्बेडकर और संविधान विरोधी है।

संसद परिसर में धक्का-मुक्की

## राहुल के खिलाफ हत्या की कोशिश के तहत शिकायत, बांसुरी-अनुराग पहुंचे थे थाने



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद भवन परिसर में धक्कामुक्की मामले में राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने भाजपा के सांसद बांसुरी स्वराज और अनुराग ठाकुर संसद मार्ग थाने पहुंचे हैं। बाबासाहेब आंबेडकर से जुड़े मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान उनके बीच धक्का-मुक्की भी हुई। भाजपा का आरोप है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धक्कामुक्की की, जिस वजह से उसके बुजुर्ग सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हुए। सारंगी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी तरफ राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा सांसदों ने उन्हें और अन्य विपक्षी सदस्यों को संसद भवन में जाने से रोका और धक्का-मुक्की की। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि हमने राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस को शिकायत दी है। हमने शिकायत में घटना का जिक्र किया है। जो आज संसद परिसर में हुई। जहां एनडीए के सांसद शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे। हमने शिकायत में धारा 109, 115, 117, 125, 131, 117 और 351 का जिक्र किया है और साथ ही धारा 109 (हत्या की कोशिश) के तहत शिकायत दी है।

### भाजपा सांसद मुकेश राजपूत भी घायल

संसद के दोनों सदनों में आज भी हंगामा हो रहा है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा दोनों ने संसद भवन परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान दोनों दलों के सांसदों के बीच मकर द्वार पर धक्कामुक्की की खबर आई। भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर में चोट देखी गई। इस दौरान भाजपा सांसद मुकेश राजपूत भी घायल हो गए। उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें आरएमएल अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। सारंगी का इलाज भी इसी अस्पताल में चल रहा है। पीएम मोदी ने फोन पर सांसदों का हालचाल जाना है। दरअसल, गृह मंत्री अमित शाह की बाबासाहेब आंबेडकर से संबंधित टिप्पणी को लेकर विरोध जताते हुए विपक्षी सदस्यों ने मार्च निकाला तो भाजपा सांसदों ने कांग्रेस पर बाबासाहेब के अपमान का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। संसद भवन के मकर द्वार के निकट सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्य एक दूसरे के सामने आ गए और जमकर नारेबाजी की। दरअसल, अमित शाह की टिप्पणी को लेकर संसद के दोनों सदनों में बुधवार से गतिरोध बना हुआ है।

### संसद की सीढ़ियों पर डंडे लेकर खड़े थे भाजपा के सांसदः राहुल गांधी



राज्यसभा में धक्का-मुक्की वाले विवाद के बाद कांग्रेस की तरफ से प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, जयराम रमेश समेत तमाम नेता मौजूद रहे। इस दौरान संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री के भाषण पर राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सरकार और खासकर प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह डॉ. बीआर अंबेडकर के बारे में जो बयान दे रहे हैं, वह बहुत दुखद है और उन्होंने (अमित शाह) कल तथ्यों को देखे बिना ही प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। जवाहरलाल नेहरू, डॉ. बीआर अंबेडकर को गाली देने से पहले उन्हें तथ्यों को देखना चाहिए। खरगे ने आगे कहा कि, आंबेडकर पर बयानबाजी काफी दुखदायक है, गृह मंत्री ने तथ्यों से परे बात कही। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने नेहरू-आंबेडकर पर सिर्फ झूठ बोला और उनका अपमान किया। गृह मंत्री अमित शाह अपनी गलती मानने को तैयार नहीं है। हमारी मांग है कि गृह मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए और देश से माफी मांगनी चहिए। इस दौरान मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम संसद में हर रोज धरना प्रदर्शन करते थे, कभी हिंसा नहीं हुई। आज भी हम लोग शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे। हमें मकर द्वार पर रोका गया। इस दौरान हमारे ऊपर हमला किया गया। भाजपा के सांसदों ने मुझे धक्का दिया। हमारी महिला सांसदों को भी धक्का दिया गया। वो लोग हमारा मजाक उड़ा रहे थे। वहीं इस दौरान प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि, बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान किया गया है।

## कश्मीर कड़ाके की ठंड की चपेट में



**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर इन दिनों जबरदस्त ठंड की चपेट में है और यहां गुरुवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 6.0 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। श्रीनगर में मौसम विभाग के अनुसार श्रीनगर में यह तापमान इस समय के औसत से 4.0 डिग्री सेल्सियस कम है। इससे पहले इस मौसम में श्रीनगर में सबसे कम तापमान 10 दिसंबर को शून्य से 5.4 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया था। यहां बर्फबारी होने के कारण डल झील के अंदरूनी हिस्से जम गए हैं, जिसकी वजह से लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित हो रहा है। कश्मीर घाटी के अलग-अलग स्थानों पर शीतलहर जारी रहने और 26 दिसंबर तक मौसम में कोई खास बदलाव नहीं होने तथा कमजोर पश्चिमी विक्षोभ आने का अनुमान है । इतना ही नहीं 27 दिसंबर की रात से 28 दिसंबर की सुबह तक कुछ ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी होने के आसार हैं। पहलगाम का पर्यटक स्थल सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां गुरुवार को तापमान शून्य से 6.8 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया जबकि पिछली रात को तापमान शून्य से 5.8 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। कश्मीर के प्रवेशद्वार शहर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान में भी उल्लेखनीय गिरावट आई और बुधवार के शून्य से 5.0 डिग्री सेल्सियस कम के मुकाबले यह शून्य से 7.0 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.7 डिग्री सेल्सियस कम है। दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

## कुलगाम में एनकाउंटर, 5 आतंकी ढेर

इनमें हिजबुल मुजाहिदीन का कमांडर भी, गोलीबारी में 2 जवान घायल



**श्रीनगर, एजेंसी।**

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के कद्देर इलाके में सेना और पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में 5 आतंकियों को ढेर कर दिया। इनमें हिजबुल मुजाहिदीन का कमांडर फारूक अहमद भट्ट भी शामिल है। हालांकि, आतंकियों के शव मिलने बाकी हैं। मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। गुरुवार सुबह सेना और पुलिस को इलाके में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद जॉइंट सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तलाशी के दौरान आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की। उधर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिल्ली में मीटिंग कर सकते हैं। सितंबर-अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनावों के बाद यह पहली बैठक होगी। इसमें उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मीर प्रशासन, खुफिया एजेंसियों और गृह मंत्रालय के सीनियर अफसर शामिल होंगे। इससे पहले 16 जून को भी शाह ने हाई लेवल मीटिंग की थी। इसमें उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें। दिसंबर में एनकाउंटर की पहली घटना, नवंबर में 8 आतंकी मारे गए थे जम्मू-कश्मीर में सेना और आतंकियों के एनकाउंटर की यह पहली घटना है। पिछले महीने नवंबर में 10 दिनों में 9 एनकाउंटर हुए थे। जिसमें 8 आतंकी ढेर हो गए थे। जम्मू रीजन में सेना ने 20 साल पहले पाकिस्तान परस्त आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के जिस लोकल नेटवर्क को सख्ती से निष्क्रिय कर दिया था, वो पूरी ताकत से फिर एक्टिव हो गया है।

## भाजपा ने बाबा साहब अंबेडकर का किया अपमानः केजरीवाल

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**



केजरीवाल ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर बाबा साहब अंबेडकर का अपमान करने का आआम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंदरोप लगाया। श्री केजरीवाल ने यहाँ मंदिर मार्ग स्थित भगवान बाल्मीकि मंदिर जाकर पूजा-अर्चना के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा , भाजपा ने बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया है इसलिए जो बाबा साहब से करे प्यार, वो भाजपा से करे इन्कार। मैं बाबा साहब को अपना आदर्श मानता हूं और उनका अपमान करने वाली भाजपा का हर स्तर पर विरोध करूंगा। अमित शाह ने बाबा साहब को लेकर जो कहा, वह बेहद पीड़ादायक है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उनका समर्थन करना बाबा साहब के प्रति भाजपा की भावनाओं को बताता है। बाबा साहब हमारे लिए भगवान हैं। हम उनका अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। अब यह चुनने वक्त आ गया है कि बाबा साहब से प्यार करने वाला भाजपा से प्यार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि संसद इस देश की सबसे बड़ी पंचायत है। जहां पूरे देश के लोग जाकर बैठते हैं और देश की समस्याओं पर चर्चा करते हैं। मंगलवार की शाम संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहब डॉ. अंबेडकर पर एक बयान दिया। उन्होंने कहा कि अंबेडकर-अंबेडकर कहना आजकल एक फैशन हो गया है, इतनी बार अगर भगवान का नाम लोगे तो सात जन्म तक स्वर्ग मिलेगा।

दाता सिंह वाला बॉर्डर

## किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ी, अनशन के 24वें दिन बेहोश हुए

**हरियाणा, एजेंसी।**



किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत धरने पर वीरवार को ज्यादा बिगड़ गई। पिछले दो दिन से डल्लेवाल मंच पर भाषण देने में भी असमर्थ थे। इसके चलते तंबू में ही डल्लेवाल के स्वास्थ्य की देखभाल की जा रही थी। वीरवार को दोपहर के समय डल्लेवाल की तबीयत गंभीर हो गई और वह बेहोश हो गए। इसके बाद उनको तीन से चार उल्टियां भी लगी। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल पिछले 24 दिन से अनशन पर बैठे हैं। प्रतिदिन चिकित्सक उनके स्वास्थ्य की जांच कर रहे हैं, हालांकि शरीर का तापमान पिछले कई दिनों से स्थिर बना हुआ था। बीपी, शुगर, प्लस की प्रतिदिन चिकित्सक जांच कर रहे हैं। अनशन पर होने के कारण शरीर लगातार कमजोर हो रहा था। पिछले एक सप्ताह पहले वजन भी 11 किलोग्राम कम हुआ था। डल्लेवाल के स्वास्थ्य को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी चिंता जाहिर कर चुका है, लेकिन वह एमएसपी की मांग को लेकर अनशन पर अडिग है। इसको लेकर केंद्र सरकार द्वारा भी कमेटी बनाई गई है। 18 दिसंबर को कमेटी व किसान संगठनों की बातचीत होनी थी।

## भारत-पाक की टीमें एक-दूसरे के देश में नहीं खेलेंगी, आईसीसी मीटिंग में फैसला

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।**



भारत और पाकिस्तान की टीमें एक-दूसरे के देश में जाकर क्रिकेट नहीं खेलेंगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाएंगे। पाकिस्तानी टीम भी 2027 तक किसी भी टूर्नामेंट के लिए भारत नहीं आएगी। उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर होंगे। आईसीसी की इस फैसले की जानकारी गुरुवार को सामने आई। मीटिंग में यह फैसला पहले ले लिया गया था। भारत में 2025 विमेंस वनडे वर्ल्ड कप, 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप भारत और श्रीलंका में होना है। इससे पहले जब आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को हाइब्रिड मॉडल में कराने की बात पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को बताई थी, तब पीसीबी ने आईसीसी के सामने भारत में टीम न भेजने की मांग रखी थी, जिसे अब आईसीसी ने मान लिया है। पीसीबी ने भारत के साथ ट्राई सीरीज कराने की मांग की पीसीबी ने भविष्य में भारत के साथ किसी न्यूट्रल वेन्यू पर ट्राई सीरीज कराने की मांग की, लेकिन बीसीसीआई और आईसीसी दोनों ने इस पर हामी नहीं भरी। भारत और पाकिस्तान के बीच 2012 से कोई सीरीज नहीं हुई है, दोनों टीमें आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट में ही भिड़ीं हैं। भारत में कोई टूर्नामेंट हो तो उसके मैच भी न्यूट्रल वेन्यू पर हों पाकिस्तान की यह मांग आईसीसी ने मान ली है।

### 2028 विमेंस वर्ल्ड कप पाकिस्तान में

आईसीसी बोर्ड ने कन्फर्म किया कि विमेंस वर्ल्ड कप 2028 पाकिस्तान में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में भी भारतीय और पाकिस्तान की महिला टीम के मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाएंगे।

### फैसले में देरी क्यों हुई

शुरुआत में भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से इनकार कर दिया था। पाकिस्तान पहले तो इस बात पर अड़ा रहा कि भारत को पाकिस्तान आना ही होगा, लेकिन भारत के सख्त रुख के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड आखिरकार हाइब्रिड मॉडल के लिए तैयार हो गया है।

# लाखों की लागत से बने पंचायत भवन में लटक रहा ताला

➩ सरकार के आदेशों को ग्राम प्रधान और सचिव ने बदल डाला




**तीसरा विकल्प न्यूज़ संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर। जिले के विकास खण्ड रामपुर मथुरा इलाके में योगी सरकार के अरमानों पर गांव की सरकार पानी फेर रही है। मामला ग्राम पंचायत महिमापुर से जुड़ा हुआ है। जहां पर अभी हाल ही में सरकार के द्वारा लाखों रुपए खर्च करके ग्रामीणों को शासकीय जानकारी जमीनी स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक सुंदर सा ग्राम सचिवालय बनवाया गया।जिससे ग्रामीणों को सरकार की योजनाओ की जानकारी और लाभ मिल सके। लेकिन बीते दिवस की गई मीडिया टीम की पड़ताल में सच्चाई सामने आई कि महिमापुर के प्रधान और सचिव आपस मे मिलकर साठ गाँठ करके शासन प्रशासन के निर्देशों को ताख पर रखकर अपने नियम कानून से चला रहे हैं।सरकार का भारी बजट खर्च कर बनवाये गए ग्राम सचिवालय में ताला लटक रहा है और सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिये ग्रामीण इधर उधर भटक रहे हैं।यही नहीं पंचायत सहायक हर माह का अपना मानदेय लेकर मौज कर रहा है। जबकि दीवारो पर साफ शब्दों में लिखा हुआ है कि प्रत्येक दिन सचिव को छोड़ कर सभी लोग पंचायत भवन में बैठेंगे। ग्राम स्तर पर उपस्थित को तो दर किनार कर दीजिए यहां तो स्थानीय स्तर प्रधान और सचिव का दीदार होना बड़ी बात है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इसका जिम्मेदार कौन है?लगातार खबरों के माध्यम से विकास कार्यों की जमीनी हकीकत महकमे के उच्चधिकारियों तक पहुँच रही है फिर भी उच्च स्तर के लोग अनजान हैं।विकास को लेकर ब्लाक के मुख्य जिम्मेदार बिल्कुल बेपरवाह है। इस ग्राम पंचायत में बना पंचायत भवन गांव की आवाम के लिए निरर्थक साबित हो रहा है लोगों की माने तो इसमें हमेशा ताला ही लटकता रहता है। मनमानी के चलते महिमापुर में बने मिनी सचिवालय का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है कारण कहां है कुछ उसका अता-पता नहीं है हकीकत को देखकर आप खुद हैरत में पड़ जाएंगे फिलहाल इस पंचायत के भवन के बारे में जितना कुछ कहा जाए उतना लापरवाह जिम्मेदारो के लिये कम ही है। इस ग्राम पंचायत की उच्च अधिकारी द्वारा जांच कर ली जाए तो संभवत सभी सच्चाइयां सामने आ जाएंगे। इस पंचायत भवन के बारे में जब ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी खण्ड विकास अधिकारी से जानकारी करनी चाही गई तो उनका फोन नहीं उठा।

## चिरकुंडा में दो दिवसीय श्याम अमृत महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**



चिरकुंडा/ धनबाद। तीन बान धारी भक्त मंडल चिरकुंडा द्वारा दो दिवसीय श्याम अमृत महोत्सव की तैयारी को लेकर चिरकुंडा उपर बाजार स्थित धनंजय शर्मा के आवास के प्रांगण में बैठक संपन्न हुई। बैठक में मंडल के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि चिरकुंडा सोनारडंगाल के रेलवे साइडिंग लाइन के समीप स्थित प्रकृति फार्म (पुराना एफसीआई गोदाम) में दो दिवसीय श्याम अमृत महोत्सव 4 जनवरी से प्रारंभ होगा जो 5 जनवरी को समापन होगा। इसकी जानकारी देते हुए मंडल के अनिल शर्मा व संजय शर्मा ने बताया कि दो दिवसीय श्याम महोत्सव में 4 जनवरी को भव्य निशान शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो चिरकुंडा से पश्चिम बंगाल के न्यामतपुर स्थित दादी श्याम मंदिर तक जाएगा वहीं 5 जनवरी की संध्या भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें नागपुर से कृष्ण प्रिया व जमशेदपुर से कृष्णा मूर्ति भजन गाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर करेगें। बैठक में मंडल के अनिल शर्मा,संजय शर्मा, बुद्धराम शर्मा,धनंजय शर्मा,टिंका गाडिया,संदीप जिंदल,किट्टू सरदार,भोला सिंह,संदीप अग्रवाल,गप्पू शर्मा,संजय केजरीवाल,श्यामा सेन,मनोज हड्डा,विक्की अग्रवाल,छोटू अग्रवाल,संजय अग्रवाल,श्याम अग्रवाल आदि सदस्यगण मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 17 जनवरी को किया जायेगा:एम0पी0 सिंह

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**




हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 17 जनवरी 2025 को सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न किया जायेगा। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत को निर्देश दिये है कि उक्त वैवाहिक कार्यक्रम की निर्धारित तिथि से पूर्व 10 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों का सत्यापन करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी को हार्ड कॉपी सत्यापन आख्या सहित उपलब्ध करायें।

## सहयोग संस्था ने शहीद दिवस पर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर रेलवे स्टेशन पर पिलाई चाय, बाटे कंबल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता शाहजहांपुर**




शाहजहांपुर। जनपद की चर्चित समाजसेवी सहयोग संस्था के पदाधिकारियो ने शहीदो की पुण्यतिथि पर रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया, और सभी राहगीरो को चाय बिस्कुट बांटी ,और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान एवं शाहनवाज़ खान एडवोकेट ने कहा कि हमारी संस्था ठंड के पूरे मौसम चाय वितरण के साथ-साथ कंबल वितरण करेगी । संस्था की वरिष्ठ उपाध्यक्ष तराना जमाल ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हमे अपने शहीदों का बलिदान जीवन भर याद रखना है । कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी डॉक्टर पुनीत मनीषी, विकास सक्सेना, स्तुति गुप्ता, सुधीर, निहाल, शवाव ,आदि सभी मौजूद रहे।

## शिक्षा का महत्व नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम मे पहुचे किसान नेता रफीक लम्बू

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता संडीला**



संडीला। तहसील के अंतर्गत ग्राम मीर नगर अजिगवां मे शिक्षा का महत्व कार्यक्रम मे भारतीय किसान यूनियन सावित्री के जिला अध्यक्ष रफीक लम्बू पहुंच कर बच्चो को मिठाई और कुछ सामग्री वितरण की शिक्षा का माहोत्व नुक्कड नाटक के कार्यक्रम के मोके पर रफीक लम्बू ने कहा। की हर माँ बाप अपने बच्चो को जरूर पढ़ाई खासतौर पर बिटियों को क्युकी जैसे बेटा देश का भविष्य होता है उसी तरह बेटियां भी देश का भविष्य है। ईश्वर ने बेटियों को लक्ष्मी के रूप मे दिया है जब हमारे क्षेत्र के बच्चे पढ़ लिख कर कामयाब होंगे तो हमारे गावं का नाम रोशन करेंगे हमें गर्व होगा।इसी मोके पर मौजूद जिला पंचयात सदस्य सुरेश मौर्या, अध्यापक रविंद्र आशीष, सरना, प्रताप मौर्य, किरण, फरजाना, शेजाल मौर्य, आरजू, प्रियंका, अंशिका,माधुरी,बिनीता प्रांशी, शबनम, अंजुम बनो आदि।

## विधायक रागिनी ने श्याम बाबा के दरबार में माथा टेका

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**



झरिया/धनबाद। श्री श्याम मंदिर प्रांगण में श्री श्याम बाल मण्डल द्वारा आयोजित 24 वे श्री श्याम अखण्ड ज्योति पाठ में झरिया विधायक श्रीमती रागिनी सिंह ने खाटू नरेश श्री श्याम प्रभु के दर्शन एवं पूजन कर परिवार समेत समस्त झरिया वासियों के सुख और समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद मांगा।

## अखण्ड ज्योत अपार माया, श्याम देव की प्रबल छाया

➢ झरिया में बही श्याम के रस की सरिता



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

झरिया/ धनबाद। झरिया श्याममय हो गया. श्याम नाम के गुणगान की सरिता में काले हीरे की नगरी आप्लावित होती रही. मौका था श्री श्याम बाल मण्डल की ओर से दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन आयोजित 24वें श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ के आयोजन का। दरअसल, श्री श्याम बाल मंडल झरिया द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी अखंड ज्योत पाठ का आयोजन श्री श्याम मंदिर झरिया के प्रांगण में हुआ, सुबह दस बजे पंडित कैलाश पांडेय ने विधिवत पूजा-अर्चना करायी। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कथा वाचक ज्योति खन्ना (कोलकाता) ने श्याम अखण्ड ज्योति पाठ का वाचन किया, उनके साथ 601 श्याम भक्तों ने पाठ का सस्वर वाचन किया, उनके साथ-साथ भक्तजनों ने श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन पूरे सुर और लय के साथ किया साथ ही साथ श्याम बाबा की जीवन गाथा नृत्य नाटिका के माध्यम से पूरे श्याम भक्तों के बीच किया गया। ज्योति खन्ना जी ने एक से एक भजनों में श्याम प्रेमी झूमने को विवश हो गए , सुन कर आयो सुन कर आयो,प्रेम भरी आवाज संवारे सुन कर आयो,बने है याचक कृपाणिधान,हुआ जन्म मेरे बाबा का साथ ही साथ बाबा श्याम का जन्म उत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। श्री श्याम अखण्ड ज्योत पाठ के दौरान बाबा श्याम को नाना प्रकार के भोग अर्पित किए गए. छप्पन भोग,सवामनी,चूरमा,खीर,भी खाटू नरेश को लगाए गए. साथ ही, केक भी श्याम प्यारे को चढ़ाया गया साथ ही साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शानदार आयोजन में श्री श्याम बाल मण्डल के सदस्यगणों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# विधिक जागरूकता कार्यक्रम में महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण से सम्बन्धित कानूनों के बारे में विस्तार बताया गया

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता हरदोई**




हरदोई। माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं राष्ट्रीय महिला आयोग के सयुक्त निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजीव शुक्ला के निर्देशन में ''विधान से समाधान'' कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लाक सभागार टोडरपुर में महिलाओं के विधिक अधिकारों हेतु विधिक जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री भूपेन्द्र प्रताप की अनुमति से डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल देवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये डिप्टी चीफ देवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ''विधान से समाधान'' कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं के हितार्थ हेतु, महिलाओं के कानूनी अधिकार एवं महिलाओं का कार्य स्थल पर लैगिंग उत्पीड़न निवारण एवं लिंग चयन और लिंग निर्धारण के निषेध पर जन जागरुकता तथा लैंगिक समानता हेतु प्रावधानों का प्रचार प्रसार एवं थर्ड जेंडर के मौलिक अधिकार तथा आपदा पीड़ित का अधिकार एवं समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 तथा महिलाओं की सुरक्षा और कल्याण से सम्बन्धित कानूनों के बारे में विस्तार से वर्णन के पश्चात कार्यक्रम को सम्बोधित करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हरदोई की ओर से नामित रिर्सोस पर्सन असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल श्री अजय त्रिपाठी महिलाओं से संबंधित कानून, एसिड अटैक, दुष्कर्म, अपहरण, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। बाल संरक्षण अधिकारी पिंकी सिंह के द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित निम्न विधिक जानकारियों पर चर्चा की गयी- जैसे कानूनों के तहत प्रदान किए गए बुनियादी कानूनी अधिकारों और उपायों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना, जिससे उन्हें वास्तविक जीवन स्थितियों में चुनौतियों का सामना करने के लिए उपयुक्त बनाया जा सके। महिलाओं को उनकी शिकायतों के निवारण के लिए उपलब्ध विभिन्न चौनलो यानी एन.सी.डब्ल्यू., नालसा, पुलिस, कार्यपालिका, न्यायपालिका और गैर सरकारी संगठनों से संपर्क करने और उनका उपयोग करने की प्रक्रिया समझाना तथा कौशल विकास के साथ-साथ वित्तीय स्वतंत्रता तथा महिला सशक्तिकरण के अन्तर्गत विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में महिलाओं को जागरूक करने के सम्बन्ध में भी चर्चा की गई। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी टोडरपुर मानवेन्द्र शर्मा,तहसील शाहाबाद के पैनल अधिवक्ता आशुतोष त्रिपाठी,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लिपिक अभिषेक अवस्थी, परा विधिक स्वयं सेवक दिनेश कुमार, शाज़ेब सिद्दीकी, सौरभ तिवारी एवं समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

# भाजपा संगठन महापर्व सदस्यता अभियान

➢ सभी कार्यकर्ता है विधायक के समान और हम सभी साथ मिलकर करेंगे एक सुंदर विकसित, शिक्षित ,सुरक्षित झरिया का निर्माणः रागिनी सिंह

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**




झरिया/धनबाद । संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के तहत भाजपा झरिया नगर की एक बैठक अग्रवाल धर्मशाला में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अवधेश साव ने किया उक्त बैठक में झरिया विधायक श्रीमती रागिनी सिंह मुख्य रूप से उपस्थित हुई बैठक में सर्वप्रथम ओबीसी मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह चंद्रवंशी जी के आकस्मिक देहांत पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई जिसके उपरांत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती रागिनी सिंह ने इस संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के तहत सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधानसभा में झरिया में भाजपा की प्रचंड जीत पर सर्वप्रथम उन्हें जीत की बधाई देते हुए उनका आभार व्यक्त किया और कहा कि झरिया विधानसभा की जीत सभी कार्यकर्ताओं की जीत है और आप सभी कार्यकर्ता एक विधायक के समान है आप और हम साथ मिलकर एक सुंदर विकसित झरिया का निर्माण करेंगे और एकजुट होकर संगठन को और ज्यादा मजबूत बनाएंगे वही सभी सम्मानित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से ज्यादा से ज्यादा संख्या में सदस्यता कराने का आह्वाहन किया । वही कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल ने संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को सफल बनाए जाने की अपील की , जिला उपाध्यक्ष विष्णु त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को सदस्यता अभियान को सफल बनाए जाने को लेकर संगठन द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी , मंच का संचालन श्रवण राम चंद्रवंशी ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से राज किशोर जैना अरुण साव दिलीप भारती सतदेव सिंह आनंदम बनर्जी अरुण गोस्वामी संजू वर्मा दिलीप आडवाणी गणेश बरनवाल अजय वर्मा विश्वनाथ साव मोतीलाल विश्वकर्मा आदि मौजूद थे ।

## एसएसएलएनटी महाविद्यालय में टी.वी. उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**



धनबाद। भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के प्रयास से टी.वी. उन्मूलन जागरुकता अभियान लुबी सर्कुलर रोड स्थित एसएसएलएनटी महाविद्यालय में किया गया। इस दरम्यान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डा. सुनील कुमार, चेयरमैन भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद कौशलेंद्र कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार भारतीय रेडक्रास समिति कुमार मधुरेन्द्र सिंह, एसएसएलएनटी कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. शर्मिला रानी एवं कॉलेज की अन्य अध्यापिका एवं करीब डेढ सौ छात्राएं शामिल रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मो. जावेद अंसारी जिला कार्यक्रम समन्वयक ने सभी बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया। संजय जायसवाल, प्रकाश लायक़, शंकर प्रमाणिक, ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।अंत में कौशलेंद्र कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन दिया और टीवी कार्यक्रम को सफल बनाने का आव्हान किया। इस दरम्यान आजीवन सदस्य भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद के रूप में डा. सुनीता हेमब्रम, बिमल मिंज, डा. नीलू कुमारी ने लिया।तीनों एसएसएलएनटी महाविद्यालय में विभिन्न पदों पर कार्यरत सभी का स्वागत कुमार मधुरेन्द्र सिंह, चेयरमैन सलाहकार भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद ने किया।

# कंज्यूमर गिल्ड द्वारा दूरसंचार उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न हुआ

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

चंदौली। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) के अनुमोदन व निर्देशानुसार कंज्यूमर गिल्ड द्वारा जनता इंटर कॉलेज कांटा, ब्लॉक चंदौली, जिला चंदौली, उत्तर प्रदेश में दूरसंचार उपभोक्ता जागरुकता कार्यक्रम सम्पन्न



हुआ। कार्यक्रम में दूरसंचार और प्रसारण क्षेत्र की शिकायतें और सेवा से निपटने के लिए समय सीमा, आईवीआरएस और ग्राहक सेवा नंबर का संचालन, अपीलीय प्राधिकारी को अपील, वेब-आधारित शिकायत निगरानी प्रणाली, उपभोक्ता मंचों की भूमिका, दूरसंचार और प्रसारण उपभोग चार्टर तथा उपभोक्ता हित में बनाये गये दिशा निर्देशो, नियमों, विनियमों के बारे में कंज्यूमर गिल्ड के अध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव द्वारा विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में अध्यापक, शिक्षको, के साथ भारी संख्या में छात्र, छात्राओं, ग्रामीण दूरसंचार उपभोक्तागण, स्वैच्छिक संगठनो के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। ओमप्रकाश मिश्र, वरिष्ठ समाजसेवी द्वारा लोगों को अनजानी फोन कॉल से सावधान रहने को कहा गया। कार्यक्रम में उपभोक्ता जानकारी सम्बन्धी प्रपत्र वितरित किया गया।

## बीबीएमएयू में समानता आउटसोर्सिंग कंपनी के द्वारा मनमानी रवैया, गरीबी हटाने के बजाय ग़रीबों को हटा रही हैं

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - ब्यूरो**

धनबाद। विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कार्यरत चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों को अचानक बैठा दिया गया और सभी से 10 हजार रुपया पर कर्मचारी से लेकर दोबारा रखने की बात कर मनमानी करने वाले समानता आउटसोर्सिंग कंपनी के रवैया को सिंदरी विधायक कामरेड चंद्रदेव महतो उर्फ़ बबलू महतो को अवगत कराने पहुँचे स्थानीय बेरोज़ागार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल, चिरंजित मंडल, रणजीत मंडल, कुंदन गुप्ता एवं अन्य। ज्ञात हो कि आस पास के 30 ग्रामीण शुरू से काम कर रहे थे जिसमें से कुछ को हटा कर सब अपने लोगो को रखा और अब बचे लोगो को हटा कर अपने लोगो को साजिश के तहत समानता कंपनी रखने के लिए सबको बैठा दिया गया है। ग़रीबी हटाने के बजाय कंपनी ग़रीबों को ही हटा रही है, समानता कंपनी, अन्याय के खिलाप विरोध का स्वर उभर रहा है ।

## गृह मंत्री अमित शाह के बयान के खिलाफ हाड़ी समाज का विरोध प्रदर्शन

**तीसरा विकल्प न्यूज़- ब्यूरो**



धनबाद। बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर पर किए गए गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा विवादित टिप्पणी के खिलाफ गुरुवार को हाड़ी समाज ने संयुक्त रूप से अमित शाह का रणधीर वर्मा चौक पर पुतला जलाया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर पर टिप्पणी कर गृहमंत्री अमित शाह ने ओछी मानसिकता का परिचय दिया हैं। भारतीय संविधान के रचयिता पर ऐसा बयान अशोभनीय हैं। पार्टी इसकी घोर निंदा करती हैं। बाबा साहेब पर निंदनीय टिप्पणी को नहीं सहेंगे। वक्ताओं ने कहा कि अविलम्ब अमित शाह को गृहमंत्री के पद से हटाया जाना चाहिए।पुतला दहन कार्यक्रम में राजू प्रसाद हाड़ी,अजय हाड़ी, कार्तिक प्रसाद हाड़ी,मनोज हाड़ी,कार्तिक हाड़ी,मनु हाड़ी, भोला हाड़ी,संजय हाड़ी, प्रकाश हाड़ी,दिनेश हाड़ी,मनोज हाड़ी, राम प्रसाद,पाजी हाड़ी, विकाश हाड़ी,सिद्धार्थ आदि उपस्थित हुए।

## मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा ने किया भूटान देश का दौरा संपन्न



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - पंकज नाथ**

असम। असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा ने आज गुरुवार को परोसी देश भूटान के चार दिवसीय यात्रा संपन्न किया। इस दौरान मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने असम सहित अपने देश भारत और भूटान के बीच संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। सरमा ने गुरुवार को भूटान की अपनी चार दिवसीय यात्रा के समापन पर यह बयान दिया कि रिनिकी और मैं भूटान की अपनी अविस्मरणीय यात्रा का समापन कर रहे हैं, हम महामहिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक और भूटान के अद्भुत लोगों को उनकी गर्मजोशी और उदारता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा, हम यादगार यादों, अमूल्य सीखों और यह सुनिश्चित करने की नई प्रतिबद्धता के साथ घर लौट रहे हैं कि असम भारत और भूटान के बीच गहरे संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।सरमा, जो अपनी पत्नी रिनिकी भुयान शर्मा के साथ थे, को भूटान के विदेश मंत्री डी एन धुंग्याल ने हवाई अड्डे पर विदाई दी। मुख्यमंत्री मंगलवार को हिमालयी देश के राष्ट्रीय दिवस में भाग लेने के लिए राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक के निमंत्रण पर भूटान आए थे। जानकारी के अनुसार दोनों नेताओं के बीच चर्चा का मुख्य विषय व्यापक क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देना और दोनों पड़ोसियों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करना था। इसी बीच भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और उनकी पत्नी ताशी डोमा से भी मुलाकात की। इसके बाद तोबगे के साथ चर्चा में आपसी हितों के मामलों पर चर्चा हुई और दोनों क्षेत्रों के बीच व्यापार साझेदारी को मजबूत करने के लिए रास्ते तलाशे गए। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भूटान यात्रा के दौरान थिम्पू में भूटान के प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र सिमटोखा द्ज़ोंग, भारतीय दूतावास का दौरा किया और अपने प्रवास के दौरान फरवरी में होने वाले एडवांटेज असम निवेश शिखर सम्मेलन को प्रदर्शित करने के लिए एक कार्यक्रम में भाग लिया।

# महिलाओं के हित-संरक्षण सम्बन्धी साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन, जिला जेल का भी किया गया मासिक निरीक्षण

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**




सीतापुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं महिला आयोग के संयुक्त तत्वाधान में उ.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार -कुलदीप सक्सेना जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा निर्गत दिशा निर्देश के अनुक्रम में नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा विधान से समाधान महिलाओं के हित-संरक्षण सम्बन्धी साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन आज दिनांक-19 दिसम्बर 2024 को बारह बजे से तहसील सिधौली के विकास खण्ड कार्यालय सिधौली के सभागार कक्ष में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में आंगन बाड़ी कार्यकत्री,स्वयं सहायता समूह की महिलाऐं एवं अन्य महिलाऐं उपस्थित रही। उक्त कार्यक्रम को मुख्य अतिथि नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी,अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर,रिसोर्स पर्सन के रूप में मौजूद विमल मोहन मिश्रा व भूपेन्द्र दीक्षित द्वारा एवं सुजीत बाजपेई, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम सीतापुर द्वारा महिलाओं को सम्बोधित करते हुए घरेलू हिंसा,चिकित्सीय अधिकार, गिरफ्तार एवं बन्दी के अधिकार,दहेज प्रताड़ना, लैंगिक उत्पीडन, कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न जैसे कानूनी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गयी।साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। वहाँ पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्री व स्वयं सहायता से जुड़ी महिलाओं को बताया कि महिलाओं से सम्बन्धित कानूनों को घर-घर पहुँचाये जाने हेतु जागरूक करें प्रचार सामग्री वितरित की गयी। उक्त कार्यक्रम में तहसील सिधौली से नायब तहसील दार श्रीमती शशीबाला, खण्ड विकास अधिकारी सिधौली प्रवीन जीत, सहायक विकास अधिकारी(आई.एस.बी.) प्रेम नारायण,सहायक विकास अधिकारी (कृषि) योगेश कुमार शर्मा, सहायक विकास अधिकारी (एस. टी.) सुश्री अर्चना यादव तथा सहायक विकास अधिकारी (पंचायत)हंस राज, इत्यादि द्वारा महिला कल्याण सम्बन्धी जानकारी प्रदान की गयी। कार्यालय की ओर से लिपिक,रिति केश श्रीवास्तव सलीम अहमद व पी.एल. वी.महेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, नौशाद अली, मनोज कुमार, कल्पना, साधना दीक्षित इत्यादि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त आज दिनांक-19 दिसम्बर 2024 को समय-चार बजे जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ''कुलदीप सक्सेना'' द्वारा जिला कारागार सीतापुर का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी'' तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गौरव प्रकाश उपस्थित रहे। जिला कारागार सीतापुर में जेल अधीक्षक ''सुरेश कुमार सिंह'' तथा जेलर अरविन्द श्रीवास्तव'' सहित अन्य जेल अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना, द्वारा जिला कारागार सीतापुर मे महिला बैरक,किशोर बैरक एवं अन्य बैरकों का निरीक्षण कर, बन्दियों से वार्ता की गयी।वार्तालाप के दौरान बन्दियों की छोटी- छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए, उन्हे सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। जेल अपील के सम्बन्ध में भी पूंछ-ताछ की गयी,बताया गया कि सभी दोषसिद्ध बन्दियों द्वारा जेल अपील तथा निजी अपील दाखिल कर दी गयी है। जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला कारागार में स्थित अस्पताल तथा पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया। सभी व्यवस्था दुरुस्त पाई गयी।जेल लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया,जेल लीगल एड क्लीनिक पर मौजूद पी. एल.वी. से उसके कार्यो के बारे में व निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में पूछा गया तथा रजिस्टर जॉचे गये।'' इसके साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उ.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाये जा रहे,वृद्ध व लाइलाज बीमारी से ग्रसित बन्दियों के सन्दर्भ में चल विशेष अभियान के अन्तर्गत समिति के अध्यक्ष,नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा समिति के समस्त सदस्य गणों के साथ समीक्षा बैठक की गयी।

# मुशायरा, कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उ.प्र. एवं डेल्फिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में प्रेमचंद सभागार, उ.प्र. हिन्दी संस्थान में %गीत नया गाता हूँ कार्यक्रम आयोजित किया गया। उ.प्र. शासन की नीति के अनुरूप भारत के पूर्व प्रधान मंत्री, भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के जन्म के अवसर पर %गीत नया गाता हूँ कार्यक्रम में मुशायरा, कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उ.प्र. के मा. अध्यक्ष एवं सचिव, डेल्फिक एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश, डॉ. अखिलेश कुमार मिश्र, आई.ए.एस. ने की। कार्यक्रम में डॉ. राम कृष्ण स्वर्णकार, आई.पी.एस., मा. अध्यक्ष, डेल्फिक एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश, की विशेष उपस्थिति रही। समारोह में मुख्य अतिथि श्री रमेश प्रसन्ना, महासचिव, अंतर्राष्ट्रीय डेल्फिक कौंसिल एवं विशेष अतिथि श्री अशोक सिंह, सेक्रेटरी, नेशनल डेल्फिक कौंसिल रहे। कार्यक्रम का आरम्भ माँ सरस्वती जी के चित्र पर माननीय अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन तथा वाणी वन्दना से हुआ। अतिथियों का स्वागत वक्तव्य एवं दोनों संस्थाओं का परिचय एवं उपलब्धियां डॉ. अखिलेश कुमार मिश्रा, आई.ए.एस. द्वारा बताई गईं। संस्थान की महामंत्री डॉ. सीमा गुप्ता ने संस्थान के संचालन में मा. अध्यक्ष को ही सारा श्रेय देते हुए संस्थान की भावी योजनाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम का कुशल संयोजन डॉ. सीमा गुप्ता, महामंत्री, राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उ.प्र. एवं डॉ. सरला शर्मा, डायरेक्टर, डेल्फिक एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा किया गया। कार्यक्रम में श्री सौरभ श्रीवास्तव, श्रीमती शिखा श्रीवास्तव, डॉ. शोभा त्रिपाठी, श्रीमती प्रतिभा एवं श्री अमरेन्द्र द्विवेदी ने काव्य–पाठ किया। कविताओं का सभी ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उ.प्र. के सदस्य श्रीमती रेनू वर्मा, इं0 सुनील कुमार वाजपेयी एवं श्रीमती पूर्णिमा बेदार श्रीवास्तव को अंग वस्त्र, प्रतीक चिह्न, अभिनन्दन पत्र, माल्यार्पण एवं शाल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री ओंकार अग्रवाल एवं श्री समीर शेख का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में संस्थान की उपाध्यक्ष डॉ. शोभा दीक्षित %भावना% ने सभी आगन्तुकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## एक महीने में तीन बार टप्पेबाज़ी तालकटोरा पुलिस पर उठे सवाल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। थाना तालकटोरा क्षेत्र में टप्पेबाज़ी का मामला सामने आया है लगातार बढ़ रही टप्पेबाजी की घटनाओं ने लोगों को परेशान कर दिया है। एक महीने में तीन घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें शातिर टप्पेबाजों ने अलग-अलग लोगों को अपना निशाना बनाया। आपको बताते चले,पहली घटना टप्पेबाजों ने अंजली चौधरी नामक महिला से धोखाधड़ी कर उसका एटीएम कार्ड ले लिया। उसके बाद दूसरी घटना अब्दुल तौफीक नामक व्यक्ति से ठगी कर अंजली चौधरी का एटीएम कार्ड उसे थमा दिया। अब्दुल के खाते से ?39,500 निकाले गए। तो वहीं शातिर टप्पेबाज़ो ने तीसरी घटना शंकर लाल को निशाना बनाते हुए अब्दुल तौफीक का एटीएम कार्ड उन्हें थमा दियाऔर शंकर लाल के खाते से ? 200 हजार निकल लिये, वही तालकटोरा पुलिस की सुस्त कार्रवाई जिसमें सीसीटीवी फुटेज मिलने के बावजूद पुलिस अब तक किसी भी टप्पेबाज को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। थाना प्रभारी का कहना है सीसीटीवी फुटेज के जरिए उनको खोजा जा रहा है जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे टप्पेबाज़

# दस दिवसीय उत्तराखण्ड महोत्सव – 2024 आज की शाम भारतीय जीवन बीमा के नाम

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। उत्तराखण्ड महोत्सव के प्रायोजक भारतीय स्टेट बैक तथा सह प्रायोजक के रूप भारतीय जीवन बीमा निगम का विशेष सहयोग रहा है। जिसमें एक शाम भारतीय जीवन बीमा निगम के नाम रहा। कलाकारों ने भारतीय जीवन बीमा निगम के नाम से पारम्परिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य प्रदर्शन किया। मेहमान कलाकारों ने अपनी का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अतिथियों एवं दर्शको को मंत्र मुग्ध कर दिया। उत्तराखण्ड महोत्सव में आयोजक मण्डल की ओर से उत्तराखण्ड महोत्सव में उपस्थित डी.एन. पाण्डेय, मार्केटिग मैनेजर भारतीय जीवन बीमा निगम एवं अजय कुमार प्रोडक्ट मैनेजर भारतीय जीवन बीमा निगम ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का सुभारम्भ किया। महापरिषद के पदाधिकारियों ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर डा. बलकार सिंह वरिष्ठ आईएएस अधिकारी, आयुक्त आवास एवं विकास परिषद लखनऊ की गौरवमयी उपस्थित रही। इस अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम के मार्केटिग मैनेजर डी.एन. पाण्डेय ने भारतीय जीवन बीमा निगम की योजनाओं का विस्त्रत जानकारी देते हुए कहा कि जीवन के साथ भी जीवन के बाद भी परिवारों को सहयोग करती आ रही है। इस अवसर पर डांस उत्तराखण्ड डांस एवं नाचेगा भारत प्रतिभागी कलाकारों ने भारतीय लोक संस्कृति के विभिन्न रंग गोमा किनारे बिखेरे। उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध गायक राकेश खनवाल ने क्रीम पौडरा, हिमुली थोकदारे की चेलि हिमुली तथा अन्य कुमाऊँनी गानों से धमाल मचाया तथा दर्शको को नाचने पर मजबूर कर दिया। उत्तराखण्ड महापरिषद के महासचिव भरत सिंह बिष्ट ने भारतीय जीवन बीमा निगम का स्वागत एवं अभिनन्द किया और उनके अतुलनीय सहयोग सह प्रायोजक के रूप में प्राप्त हुआ इस हेतु उत्तराखण्ड समाज सदैव आभारी रहेगा।

## संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वाधान में तत्वमसि ट्रस्ट द्वारा मिशन शक्ति पर आधारित नाटक मंचन कार्यक्रम हुआ सफल



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। हजरतगंज स्थित प्रसिद्ध मन्दिर हनुमतधाम में मुख्य ट्रस्टी विजय लक्ष्मी द्वारा संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वाधान में मिशन शक्ति नारी शक्ति पर आधारित नाटक मंचन कार्यक्रम दृष्टि बाधित लोगो द्वारा नाटक मंचन के माध्यम से जागरूक अभियान चलाया गया जिसमें आम जनमानस को आत्महत्या न करने की प्रेरणा दी गई , कार्यक्रम का मंच संचालन आँचल ने गीतों और भजनो के साथ किया ,कार्यक्रम में भारतीय पत्रकार एवं मानवाधिकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जितेन्द्र बहादुर सिंह बतौर मुख्य अतिथि ,अति विशिष्टअतिथि विशेष कार्याधिकारी उत्तर प्रदेश एम एल त्रिपाठी और विशिष्ट अतिथि हनुमत धाम के मुख्य महन्त रामसेवक दास जी महाराजऔर राकेश मिश्रा सचेतक पार्षद दल भाजपा पार्षद लोहिया नगर लखनऊ , उपस्थित रहे ,कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जितेन्द्र बहादुर सिंह ने अतिविशिष्ट अतिथि व विशिष्ट अतिथियों के साथ मिल कर दीप प्रज्वलित के साथ किया ,आये हुए अतिथियो का मुख्य ट्रस्टी विजय लक्ष्मी ने अपने पदाधिकारियो के साथ मिल कर पुष्प गुच्छ भेंट कर माला पहना कर मोमेन्टो के साथ अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया ,जिसमे देवेश अवस्थी ,मणीन्द्र नाथ कृष्ण दुबे ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई ,कलाकार श्याम अवस्थी ने (एन ए बी )अमिता दुबे की टीम के साथ मिल कर भजन कीर्तन धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रम से शमा बाँध दिया ,नाटक मंचन में मिशन शक्ति नारी शक्ति का संदेश देते हुए, आशीष ,सत्यम यादव ,आशीष दुबे,अदम्य त्रिपाठी, इरफान ,अपूर्वा सहित अन्य कलाकारों ने उपस्थित जनो को नारी शक्ति के प्रति जागरूक किया और समाज मे बेतहर संदेश दिया ।

# कांग्रेस डॉ. अम्बेडकर के नाम का इस्तेमाल अपनी छोटी राजनीति के लिए कर रही है – डॉ. राजेश्वर सिंह

❑ डॉ. राजेश्वर सिंह ने डॉ. अम्बेडकर की धरोहर के प्रति भा.ज.पा. के योगदान का बचाव किया

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



सरोजिनीनगर। डॉ. भीमराव अम्बेडकर के नाम पर कांग्रेस पार्टी द्वारा किये जा रहे विरोध प्रदर्शन के बीच सरोजनीनगर से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के योगदान को सम्मानित करने के लिए भाजपा सरकार द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों की सूची प्रस्तुत की। डॉ. सिंह ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा कि भाजपा ने हमेशा भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर का सम्मान किया है और उनके दृष्टिकोण को आगे बढ़ाया है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने भाजपा सरकारों द्वारा किए गए कुछ प्रमुख कार्यों की सूची प्रस्तुत की भारत रत्न भाजपा के समर्थन से केंद्र सरकार ने 1990 में मरणोपरांत डॉ. अम्बेडकर को भारत रत्न से सम्मानित किया। इसके बाद उनकी शिक्षाओं और योगदान को जन-जन तक पहुँचाने के लिए कई योजनाएं बनाई गईं।

**अम्बेडकर के पंच तीर्थ-** भाजपा सरकार ने डॉ. अम्बेडकर से जुड़े पांच प्रमुख स्थलों- महू (मध्य प्रदेश), नागपुर, लोणावला, दिल्ली और मुंबई -के विकास पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे इन स्थलों पर बुनियादी ढांचे में सुधार और पर्यटन को बढ़ावा मिला है। आरक्षण नीति भाजपा ने डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप दलितों और पिछड़े समुदायों के लिए आरक्षण नीति को बनाए रखा है। सामाजिक कल्याण योजनाएं डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर जैसी परियोजनाओं और अन्य विकास योजनाओं को अम्बेडकर के नाम से विकसित किया गया है।

**अम्बेडकर जयंती उत्सव-**

भाजपा सरकार 14 अप्रैल को डॉ. अम्बेडकर की जयंती को राष्ट्रीय स्तर पर मनाती है, इस दिन को उनकी श्रद्धांजलि के रूप में मनाया जाता है।

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की नियुक्ति-**

आदिवासी वर्ग से आने वाली माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद पर नियुक्त किया गया, जो भाजपा की एक महत्वपूर्ण पहल है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि इन सभी प्रयासों के माध्यम से भाजपा सरकार ने डॉ. अम्बेडकर के प्रति अपनी श्रद्धा और उनके दृष्टिकोण को सम्मानित किया है। वहीं, उन्होंने कांग्रेस पर सवाल उठाते हुए कहा कि वह वही पार्टी है जिसने बाबा साहेब को चुनाव में हरवाया और सत्ता में रहने के बावजूद उन्हें भारत रत्न नहीं दिया। उन्होंने यह भी पूछा कि आज कांग्रेस किस मुँह से डॉ. अम्बेडकर के नाम का उपयोग अपनी सस्ती और दिशाहीन राजनीति के लिए कर रही है? डॉ. सिंह का यह बयान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के समर्थन में आया है, जब कांग्रेस पार्टी उनकी बात को तोड़ मरोड़कर राजनीतिक रंग दिए जाने का प्रयास कर रही है।

## समाचार

### बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर इस तरीके की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए: सुनील सिंह

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब को लेकर दिए गए बयान पर लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह जी ने कहा है कि उन्हें बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर इस तरीके की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। यह निंदनीय है। अमित शाह के बयान से झलक रही है बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रति इतनी घृणा भारतीय जनता पार्टी की 'जातिवादी और दलित विरोधी मानसिकता' का यह प्रदर्शन है। लोकदल अध्यक्ष ने इसको अपमानजनक बताते हुए दावा किया कि यह उन लाखों लोगों का अपमान है जो मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए अंबेडकर की ओर देखते हैं।

### सीएचसी में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत संबंधित मीटिंग प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरोजनीनगर के अन्तर्गत ब्लॉक में ग्राम प्रधान और सचिवों का एक टीबी मुक्त ग्राम पंचायत संबंधित मीटिंग प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर सरोजनीनगर खंड विकास अधिकारी पूजा पांडे ब्लॉक के प्रधान सचिव सहित पीपीएम रामजी वर्मा, सौमित्र मिश्रा, एसटीएस सुमित कुमार, एसटीएस मणिशंकर, एसटीएलएस जय प्रताप, टीबीएचवी विनय सिंह, श्रमन राहुल बोधि के साथ साथ ब्लॉक के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे द्य

### कंट्रोल रूम से सूचना मिलते ही सरोजिनी नगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो बच्चों को सकुशल किया बरामद

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



सरोजिनीनगर। सरोजिनी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 6ः00 बजे कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के चौकी क्षेत्र बदालीखेडा में बिलाली मस्जिद के पास से दो बच्चे गायब हैं. तत्काल सरोजिनी नगर थाना प्रभारी राज देव राम प्रजापति ने टीम गठित कर थाना सरोजनीनगर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों बच्चें क्रमशः 01. कृष्णा (उम्र 06 वर्ष) पुत्र विजय (02. शनि (उम्र 5 वर्ष) पुत्र अतुल उर्फ शिव नारायण निवासीगण बदालीखेड़ा निकट बिलाली मस्जिद थाना सरोजनीनगर लखनऊ को खोज कर सकुशल बरामद कर उनके माता-पिता को सुपुर्द किया गया। पुलिस के इस कार्य से बच्चों के माता-पिता एवं स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गई।

### ओपन स्कूली बैडमिंटन प्रतियोगिता 2024 (बालक एवं बालिका) का समापन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ - गोपीनाथ लक्ष्मण दास रस्तोगी इंटर कालेज ऐशबाग लखनऊ में चल रही तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के समापन पुरस्कार वितरण प्रधानाचार्य श्री अलोक कुमार मिश्र जी और वॉलवोरीन फूड लिमटेड के हेड मार्केटिंग सेल श्री संजय भारती जी द्वारा किया गया। स्कूली खेलो के स्तर को बढ़ावा देने व खिलाड़ियों को अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के लिए गोपीनाथ लक्ष्मण दास रस्तोगी कालेज ने एक अच्छी शुरुआत के साथ कई खेल मैदान तैयार किए। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के लखनऊ के विभिन्न स्कूलों से लगभग 100 खिलाड़ियों व साथ ही अन्य जिले कानपुर, सुल्तानपुर, अमेठी, अम्बेडकर नगर के खिलाड़ियों ने भी प्रतिभाग किया। टीम इवेंट बालक वर्ग में प्रथम स्थान एल पी इस साउथ सिटी द्वितीय स्थान जी एन एल डी रस्तोगी इंटर कालेज टीम इवेंट बालिका वर्ग में प्रथम स्थान जी एन एल डी रस्तोगी इंटर कालेज द्वितीय स्थान लामार्टिनियर गर्ल कॉलेज एकल बालक में प्रथम गौस मोहम्मद जी एन एल डी रस्तोगी द्वितीय स्थान वत्सल मिश्र एस के डी स्कूल, एकल बालिका में गौसिया ईसा बेला लालबाग, द्वितीय शानवी सिंह स्टेला मैरी युगल बालक में प्रथम द्वितीय युगल बालक में प्रथम आदित्य कुमार और दीपक सहगल द्वितीय हिमांश राज और गौस मोहम्मद युगल बालिका में प्रथम शानवी सिंह और समृद्धि द्वितीय सांची सिंह और वैष्णवी पाल।

### नशे में धुत होकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बंथरा के रहीम नगर पड़ियाना स्थित हाजीपुर निवासी नन्हके ने गांव के ही मंगल प्रसाद, कुहुरू और पिंटू के खिलाफ नशे में धुत होकर गाली गलौज मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नन्हके का कहना है कि मंगलवार रात करीब 8 बजे वह अपने दरवाजे पर अलाव ताप रहा था। तभी मंगल, कुहुरु और पिंटू नशे में धुत होकर दरवाजे पर पहुंचे और मुझे गालियां देने लगे। जब उनकी इस करतूत का विरोध करते हुए अपने दरवाजे से जाने को कहा तो तीनों ने मिलकर हमें और हमारी पत्नी रीता को गालियां देते हुए लाठी डंडों व लात घूसों से मारा पीटा। बाद में जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इस मारपीट में मैं और मेरी पत्नी रीता चोटिल हो गई। फिलहाल बंथरा पुलिस ने बुधवार को पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### किशोरी को अगवा करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बंथरा इलाके की एक महिला ने क्षेत्र के दरियापुर में रहने वाले अंकुश, मायक, नीतू, बाबू, पुत्तन, बृजलाल, बृजलाल की पत्नी और दो बहूओं के खिलाफ किशोरी को अगवा करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसका कहना है कि उसकी 14 वर्षीय बेटी 15 दिसंबर की शाम करीब 5 बजे नानी के घर से दुकान जाने की बात कह कर निकली। लेकिन 1 घंटे बाद भी वापस नहीं लौटी। उसकी खोजबीन करने पर भी कहीं पता नहीं चला। बाद में पता चला कि पीड़ित महिला के भाई प्रकाश की बेटी नीतू व दरियापुर गांव में रहने वाले बृजलाल के बेटे अंकुश और मायक ने किशोरी को गायब किया है। आरोप लगाया कि नीतू कई बार अंकुश व मायक के साथ मिलकर किशोरी को गायब करने की धमकी दे चुकी है और इन्हीं लोगों ने उसे गायब किया है। आरोप है कि 17 दिसंबर की सुबह करीब 6 बजे बाबू, पुत्तन, बृजलाल और उसकी पत्नी व दोनों बहूओं ने पीड़िता के घर पहुँच कर गाली-गलौज कर परिवार के लोगों पर कोई कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल बंथरा पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# बाबा साहेब के बारे में इस्तेमाल किये गये शब्दों को वापस लें अमित शाह, मांगे माफी: मायावती

● अमित शाह के बयान पर बाबा साहेब के अनुयायियों में जबरदस्त गुस्सा व आक्रोशः मायावती

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। बीएसपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सीएम एवं पूर्व सांसद मायावती ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अमित शाह द्वारा संसद में भारतीय संविधान के मूल निर्माता व दलितों एवं अन्य उपेक्षित वर्गों के मसीहा परम पूज्य बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर के बारे में जिन शब्दों का इस्तेमाल किया गया है उससे बाबा साहेब की गरिमा व अस्तित्व को काफी ठेंस पहुंची है व उनका अपमान हुआ है । मायावती ने कहा कि इस बात को लेकर उनके अनुयायियों में जबरदस्त गुस्सा व आक्रोश व्याप्त है।उन्हें अपने द्वारा कहे गये शब्दों को जल्दी ही वापस ले लेना चाहिए इतना ही नही इसके लिए उन्हें माफ़ी मांगनी चाहिए। माफी न माँगने पर उनके अनुयायी इस घटना को कभी भुला नही पाएंगे और न ही इनको उसी प्रकार से कभी माफ़ कर पाएंगे जिस प्रकार से बाबा साहेब के प्रति कांग्रेस पार्टी के असंख्य रहे कारनामो को इनके अनुयायी अभी तक भुला नही पाए हैं 7 उन्होने कहा कि भाजपा का हाल भी कांग्रेस की तरह हो सकता है 7 मायावती ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि बाबा साहेब के देहांत के बाद कांग्रेस ने इनके नाम को व संविधान निर्माण में रहे इनके योगदान को भी इतिहास के पन्नों से मिटाने की पूरी कोशिश की लेकिन कांशीराम ने अपना पूरा जीवन समर्पित करके बाबा साहेब के मिशन को आगे बढ़ाया 7 उन्होंने कहा कि चार बार बीएसपी के नेतृत्व में रही सरकार में अनेकों जनहित की योजनाएं शुरू की गई, नये जिलों के नाम भी रखे गये जिनमे से बाद में काफी कुछ को सपा की सरकार ने बदल दिया जो इस पार्टी की बाबा साहेब के प्रति नफरत को भी दर्शाता है 7वही सपा अब कांग्रेस के साथ मिलकर इनके सम्मान की हवा हवाई बातें कर रहे हैं 7 दूसरी ओर हमने अपनी सरकार में अनेको ऐतिहासिक कार्य किये जिनसे अब कांग्रेस व बीजेपी आदि की नींद उड़ी हुई है 7 मायावती ने कहा कि बीजेपी हो या कांग्रेस पार्टी एन्ड कंपनी के लोग, ये सभी दल अभी भी बाबा साहेब का कतई भी दिल से सम्मान नही करते हैं 7इनका सम्मान केवल दिखावटी व छलावा वाला ही रहा है 7 और अब ये सभी पार्टियां बाबा साहेब का केवल नाम इस्तेमाल करके इनके अनुयाईयों का. वोट लुभाने में ही लगी हैं जिनसे बाबा साहेब के अनुयायियों को हमेशा सावधान रहना है और अब इन्हे बाबा साहेब के पद चिन्हो पर चलकर अपनी एकमात्र हितेषी पार्टी बीएसपी से ही जुड़कर अपने मसीहा बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर का नाम यूपी की तरह पूरे देश में भी रोशन करना है ताकि फिर कांग्रेस, बीजेपी व अन्य कोई भी जातिवादी व संकीर्ण मानसिकता रखने वाली पार्टी कभी भी इनका अपमान करने की अपनी हिम्मत न जुटा सके।

# क्यों जरूरी है बोन सिस्ट्स का सही निदान और इलाज?

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। बोन सिस्ट्स का परिचय,बोन सिस्ट्स हड्डी के भीतर तरल पदार्थ से भरे असामान्य गह्वर होते हैं, जो हड्डी को कमजोर बनाकर दर्द, असुविधा, और फ्रैक्चर का कारण बन सकते हैं। बोन सिस्ट्स के मुख्य कारण,हड्डी में रक्त प्रवाह की समस्या,आनुवंशिक विकार चोट और संक्रमण सौम्य या घातक ट्यूमर ऑस्टियोजेनेसिस इम्परफेक्टा जैसे चयापचय विकार लक्षण,हल्का या गंभीर दर्द सूजन और गांठ, प्रभावित हड्डी में विकृति फ्रैक्चर का खतरा थकान और कमजोरी (कुछ मामलों में लक्षण नहीं होते और समस्या आकस्मिक जांच में पता चलती है।) निदान के तरीके,शारीरिक परीक्षण एक्स-रे, सीटी-स्कैन, और एमआरआई बायोप्सी और रक्त परीक्षण इलाज के विकल्प,इलाज सिस्ट्स की प्रकृति, आकार, और रोगी की स्थिति पर निर्भर करता है। सरल सिस्ट्स,निगरानी गंभीर सिस्ट्स,सर्जरी (क्युरेटेज और बोन ग्राफ्टिंग)सिस्ट में स्टेरॉयड या दवाओं का इंजेक्शन एंजियोएम्बोलाइजेशन (सिस्ट के रक्त प्रवाह को रोकना) दर्द प्रबंधन,दर्दनाशक दवाएं और बिसफॉस्फोनेट थेरेपी फ्रैक्चर रोकथाम,स्प्लिंटेज और हड्डी की स्थिरता सुनिश्चित करना समय पर निदान क्यों जरूरी है?हड्डी को कमजोर होने और फ्रैक्चर से बचाने के लिए सिस्ट्स को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से अलग पहचानने के लिए सही समय पर इलाज से बेहतर और स्थायी परिणाम प्राप्त करने के लिए निष्कर्ष,बोन सिस्ट्स का सही निदान और उपचार न केवल दर्द और फ्रैक्चर से बचाव करता है, बल्कि रोगी के जीवन की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाता है। एक अनुभवी ऑर्थोपेडिक टीम द्वारा समय पर उपचार अत्यधिक प्रभावी साबित होता है।

# ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की अहम बैठक

➤ मस्जिदों के अनादर और वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा पर चर्चा

➤ असामाजिक तत्व मस्जिदों पर पत्थरबाजी,भड़काऊ नारेबाजी और अन्य कृत्यों के जरिए सौहार्द्र को नुकसान पहुंचा रहे हैं -मौलाना सायम मेहदी

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**




लखनऊ। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की एक महत्वपूर्ण बैठक शिया पीजी कॉलेज विक्टोरिया स्ट्रीट में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मौलाना सायम मेहदी ने की, जबकि प्रमुख शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास समेत अन्य कई वरिष्ठ सदस्य शामिल हुए। बैठक में देश और विदेश के कई गंभीर मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया। मौलाना यासूब अब्बास ने देशभर में मस्जिदों के बढ़ते अनादर पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा, मस्जिदें हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर हैं। इनका अपमान हमारी भावनाओं को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने प्रशासन से धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अनादर की घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं मौलाना सायम मेहदी ने कहा, असामाजिक तत्व मस्जिदों पर पत्थरबाजी, भड़काऊ नारेबाजी और अन्य कृत्यों के जरिए सौहार्द्र को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इन पर रोक लगाने के लिए कठोर कदम उठाए जाने चाहिए। बैठक में वक्फ संपत्तियों पर बढ़ते अवैध कब्जे पर चर्चा की गई। मौलाना सायम मेहदी ने कहा, वक्फ संपत्तियां हमारी आने वाली पीढ़ियों की अमानत हैं। इनकी सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।वक्फ संशोधन विधेयक 2024 पर जेपीसी की कार्यवाही पर भी नाराजगी जताई गई। मस्जिदों के सर्वेक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले को बोर्ड ने सकारात्मक कदम बताया। मौलाना सायम मेहदी ने कहा, यह फैसला धार्मिक स्वतंत्रता और सांप्रदायिक सौहार्द्र को मजबूत करेगा।मध्य–पूर्व और सीरिया के हालात–इस्राइल–फिलीस्तीन युद्ध में गाज़ा में हो रहे हिंसा की निंदा की गई सीरिया में आतंकी संगठन हयात तहरीर अल शाम (एचटीएस) की सरकार बनने पर चिंता जताई गई। मौलाना यासूब अब्बास ने संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों से सीरिया में शिया अल्पसंख्यकों और पवित्र स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। धार्मिक जुलूसों के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम।मस्जिदों के अपमान करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई।वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा के लिए विशेष निगरानी तंत्र। बैठक में मौलाना ज़हीर अब्बास, मौलाना डॉ. अनवर हुसैन रिज़्वी, प्रो. अब्बास रज़ा नय्यर, मौलाना एजाज़ अतहर, मौलाना सय्यद इंतिज़ाम हैदर रिज़्वी, मौलाना मूसा रिज़्वी, और अन्य कई वरिष्ठ धर्मगुरु और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक के अंत में बोर्ड ने सरकार, न्यायपालिका, और समाज के सभी वर्गों से मिलकर इन मुद्दों के समाधान के लिए काम करने की अपील की ताकि देश में सांप्रदायिक सौहार्द बना रहे और मानवाधिकारों का सम्मान हो।

## सीमेंट का पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**तीसरा विकल्प न्यूज़ – संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। पारा थाना क्षेत्र के मोहान रोड स्थित सरोसा – भरोसा निवासी विष्णु शंकर तिवारी ने अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फोन के जरिए 1000 बोरी सीमेंट मगांने के बाद रुपए न देने और मांगने पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। विष्णु शंकर तिवारी के मुताबिक वह मां पीतांबरा ट्रेडिंग कंपनी फर्म के संरक्षक हैं। उनकी फर्म निवास स्थान से संचालित होने के साथ ही फर्म द्वारा सीमेंट बिक्री का कार्य किया जाता है। विष्णु शंकर का कहना है कि उनके द्वारा सीमेंट कंपनियों से अमौसी रेलवे स्टेशन किनारे से विक्रय किया जाता है और यह बिक्री अधिकतर ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से होती है। विष्णु शंकर का कहना है कि बीती 11 दिसंबर को वह अपने निजी कार्य से देहरादून जा रहे थे। तभी करीब 11 बजे अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल नंबर 6306749417 से कॉल करके 1000 बोरी सीमेंट की आवश्यकता बताई। उस पर विश्वास करके मैंने उसके द्वारा भेजी गई गाड़ी (यूपी 32 एचएन 9516) पर 500 बैग और दूसरी गाड़ी (यूपी 32 एचएन 9760) पर 500 बोरी सीमेंट लोड करा दिया। मैंने उस व्यक्ति से सीमेंट का पेमेंट करने को कहा तो उसने कहा कि माल जाने दीजिए गाड़ी पहुंचते ही पेमेंट कर देंगे और दोनों गाड़ियों में सीमेन्ट लोड कराकर चला गया। जिसमें एक गाड़ी चिनहट देवा रोड तथा दूसरी गाड़ी सतरिख रोड पर भारत आरएमसी गोदाम में खाली कर लिया और पेमेंट नहीं दिया। बाद में मैंने उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सीमेंट के पेमेंट के लिए कई बार प्रयास किया। लेकिन उसने पेमेंट नहीं किया और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। उसने कहा कि दोबारा फोन किया तो जान से मार देंगे। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस विष्णु शंकर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात व्यक्ति के मोबाइल नंबर के जरिए उसकी तलाश में जुट गयी है।

# संपादकीय

## दानव नहीं नशेबाज

बीते सोमवार सुप्रीम कोर्ट ने नशीले पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में संवेदनशील व्यवहार व मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। इस मुहिम से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए अदालत ने दोटूक शब्दों में कहा कि नशे की लत के शिकारों का दानवीकरण करने के बजाय उनके उपचार व पुनर्वास को प्राथमिकता बनाया जाए। यह हकीकत है कि हाल ही के वर्षों में विभिन्न घातक नशीले पदार्थों का प्रयोग तेजी से बढ़ा है, लेकिन ऐसे लोगों के प्रति समाज में दुराग्रहपूर्ण नकारात्मकता होती है। समाज को ऐसे लोगों की पहचान संवेदनशील ढंग से करके, उन्हें इस लत से बचाने के लिये मनोवैज्ञानिक प्रयास करने चाहिए। निस्संदेह, कठोर व्यवहार करने से यह समस्या और जटिल हो जाती है। चिंता की बात यह है कि देश के तमाम इलाकों में नशे की दलदल के विस्तार की खबरें आ रही हैं। लेकिन उस अनुपात में सरकारों की तरफ से इस चुनौती के मुकाबले युद्धस्तर पर पहल होती नजर नहीं आ रही है। वहीं समाज की उदासीनता भी चिंता बढ़ाने वाली है। निस्संदेह, हमें नशे करने वालों को खतरनाक व्यक्ति के रूप में देखने के बजाय, समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास करना चाहिए। समाज के कठोर व तिरस्कारपूर्ण व्यवहार के चलते नशे के शिकार लोग और गहरी दलदल में उतरते चले जाते हैं। यदि हम इन युवाओं में नशे की दलदल से निकलने इच्छाशक्ति पैदा करें तो नशे के खिलाफ हमारी जंग कामयाब हो सकती है। लेकिन वस्तुस्थिति यह है कि उनके प्रति नकारात्मक धारणा व उपेक्षा से उपजे मनोवैज्ञानिक द्वंद्व से व्यक्ति गहरे नशे की ओर उन्मुख हो जाता है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब हमने वर्ष 2047 तक नशामुक्त भारत बनाने का लक्ष्य रखा है तो उसे पाने के लिये कारगर रणनीति अपनाने की भी जरूरत है। विशेषकर सामाजिक स्तर पर व्यापक व्यावहारिक पहल, जो जमीनी स्तर पर बड़े बदलाव का वाहक बन सके। यह तार्किक है कि सुप्रीम कोर्ट की पीठ को कहना पड़ा कि नशे की लत के शिकार लोगों को अपराधी की तरह देखना गलत है। निश्चित रूप से विभिन्न हितधारकों मसलन केंद्र व राज्य सरकारों, नागरिक समाजों, परिवारों व शैक्षणिक संस्थानों को संकट से निपटने के लिये खुलकर की जाने वाली चर्चाओं पर ध्यान देना चाहिए। इसके विपरीत यदि हम उन्हें अपराधियों की तरह देखते रहे तो उन्हें हम पतन के गर्त की ओर उन्मुख कर देंगे। हम स्वीकार करें कि देश के युवाओं के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है। उन्हें करुणा और संवेदनशीलता की दृष्टि से देखे जाने की जरूरत है ताकि उन्हें अपनी स्थिति पर आत्ममंथन का मौका मिल सके। दरअसल, नशे के शिकार ये लोग इस नशे की नदी की छोटी मछलियां हैं। बड़ी मछलियां तो नशीली दवाओं के व्यापारी और तस्कर हैं। जो एक फलते-फूलते अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क का हिस्सा हैं। जो कानून व पुलिस की गिरफ्त में आने से बचने के लिये धनबल से तमाम तरीके इजाद कर लेते हैं। इसे पंजाब के हालात के रूप में भी देखा जाना चाहिए। दरअसल, यह सीमा पार से चलाये जा रहे नशे के चक्रव्यूह में फंस रहा है। साल की शुरुआत में अत्यधिक नशे की डोज से मरने की घटनाओं से पंजाब हिल गया था। जरूरी है कि नशे के खिलाफ लड़ाई में युवाओं की माताओं व बहनों को शामिल किया जाए। परिवार का भावनात्मक संबल कई युवाओं को नशे की अंधी गलियों से बाहर निकालने में सहायक होगा। लेकिन नशे के खिलाफ अभियान चलाने के बड़े-बड़े दावे करने वाले तंत्र को बरनाला में नशे के खिलाफ बुलंद आवाज उठाने वाले एक सरपंच की हत्या पर आत्ममंथन करना चाहिए। सोचना होगा कि यदि समाज में नशे के खिलाफ उठने वाली आवाजों को संरक्षण न दिया गया तो लोग नशे के खिलाफ आवाज उठाने से डरने लगेंगे। निश्चित रूप से नशे के खिलाफ जन आंदोलन ही स्थिति को बदलने में सहायक होगा। साथ ही नशीले पदार्थों के सेवन के पीछे छिपे बहुआयामी कारकों पर भी मंथन की जरूरत है ताकि पता चले कि क्यों युवा भावनात्मक पलायन के कारण नशा करते हैं।

## अंबेडकर के प्रति नफरत का शाही इजहार

आजकल अंबेडकर का नाम लेना एक फैशन हो गया है। अंबेडकर... अंबेडकर... अंबेडकर... अंबेडकर! इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। कौन कह सकता है कि ये शब्द अमित शाह के हैं जो देश के गृह मंत्री हैं। यह भी कोई नहीं सोच सकता कि वे उसी संविधान की बदौलत यह पद पाकर देश की सर्वोच्च संस्था में सरकार का दाहिना हाथ बनकर उन्हीं अंबेडकर को कोस रहे हैं जिन्हें संविधान की रचना का मुख्य श्रेय जाता है। फिर, यह भी कल्पना के परे है कि गृह मंत्री उसी संसद के फ्लोर पर खड़े होकर ऐसा कह रहे हैं जो संविधान के दिशानिर्देशों के अनुसार चलती हैय और फिर जिस सत्र के दौरान शाह ने यह अप्रिय व अशालीन टिप्पणी की वह उसी संविधान की 75 वर्ष की गौरवशाली यात्रा का स्मरण करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। यह टिप्पणी शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में सरकार का पक्ष रखते हुए अपने भाषण के दौरान की। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने हाथ उठाकर उसी वक्त अपनी आपत्ति प्रकट करने की इजाजत तो मांगी थी लेकिन सरकार का बचाव करने के लिये कटिबद्ध सभापति व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उसे नजरंदाज कर दिया। इसे लेकर संसद परिसर में बुधवार को सांसदों का रोष दिखलाई दिया जो कि स्वाभाविक है। खरगे ने कहा कि श्बेशक उनके लिये और उनके जैसे करोड़ों लोगों के लिये अंबेडकर भगवान की ही तरह हैं। उल्लेखनीय है कि खरगे दलित समुदाय से आते हैं। सांसदों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए संसद परिसर में एक प्रदर्शन किया जिसमें वे अपने हाथों में अंबेडकर के चित्र लिये हुए थे। उन्होंने शाह से माफी मांगने और इस्तीफे की मांग की। दुखद बात तो यह है कि अपने गृह मंत्री के बयान पर शर्मिंदा होने अथवा उनके खिलाफ कोई कार्रवाई करने की बजाये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उनके बचाव पर उतर आये। उन्होंने कांग्रेस पर शाह का अधूरे बयान उद्धृत कर भ्रम फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि शाह ने कांग्रेस को देश के पहले कानून मंत्री अंबेडकर के साथ जो किया था, उसके बारे में जानकारी दी है। शाह के पक्ष में भाजपा का आईटी सेल भी उतर आया और उसने सफाई में गृह मंत्री का पूरा वीडियो डाला है। उधर राहुल गांधी ने इस पर यह बयान देकर शाह की घेराबन्दी की है कि श्जो लोग मनुस्मृति में भरोसा करते हैं उन्हें अंबेडकर से तकलीफ तो होगी ही। लोकसभा में इस विषय पर चर्चा करते हुए राहुल ने संविधान और मनुस्मृति की प्रतियां दिखलाते हुए कहा था कि श्असली लड़ाई इन दोनों किताबों के बीच की है। यदि कोई सोचता है कि शाह का यह बयान कोई सामान्य सा उद्धरण है तो उसे अपनी गलतफहमी को दूर कर लेना चाहिये। संविधान का गौरव गान करने वाला यह विशेष सत्र सत्तारुढ़ दल भारतीय जनता पार्टी ने कोई स्वरुचि या अंतरूप्रेरणा से अथवा वास्तविक श्रद्धा भाव के साथ आयोजित किया हो, तो ऐसा बिलकुल नहीं है। जिस दल के वैचारिक पुरखों ने पहले दिन से ही संविधान को नकार दिया हो उसके मन में यकायक प्रेम उमड़ पड़ना भाजपा की सियासी मजबूरी है। जड़ में तो घृणा ही है। इस साल के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा और उसका नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) दोनों इस बात को लेकर निश्चिंत थे कि उन्हें 370 व 400 का आंकड़ा प्राप्त होगा। यानी भाजपा अपने अकेले दम 370 सीटें लायेगी तथा मिल-जुलकर 400 की संख्या पार हो जायेगी। अति उत्साहित कई भाजपा उम्मीदवारों और नेताओं ने पहले ही बता दिया कि श्मोदी को इस बम्पर जीत की जरूरत इसलिये है क्योंकि उन्हें संविधान बदलना है। भाजपा-एनडीए को उम्मीद थी कि सामाजिक ध्रुवीकरण के चलते बड़ी जीत हासिल होगीय लेकिन इसे विपक्षी गठबन्धन खासकर कांग्रेस ने अपना प्रमुख विमर्श बना लिया। स्थिति पलट गयी। सीटों के एक बड़े नुकसान के साथ भाजपा तेलुगू देसम पार्टी एवं जनता दल यूनाइटेड की बैसाखियों का सहारा लेकर ही सरकार बना सकी।

# शिक्षण के क्षेत्र में रोजगार से पाएं सम्मान

**भारत में कुल शिक्षकों में से 73.04 प्रतिशत ग्रामीण स्कूलों में पढ़ाते हैं। शिक्षण एक महान पेशा रहा है और रहेगा क्योंकि सुशिक्षित अध्यापक न केवल विरासत में प्राप्त विद्या को अपने शिष्यों तक पहुंचाते हैं बल्कि नवीन ज्ञान, पद्धतियों से अपने शिष्यों के लिए सफलता के द्वार भी खोलते हैं और जब उनके शिष्य जीवन में सफल होते हैं तो सर्वाधिक प्रसन्नता भी गुरुओं को ही होती है**




शिक्षा और रोजगार का अन्योन्याश्रित सम्बन्ध है। वर्तमान दौर में उत्तम शिक्षा इनसान को कौशल, दक्षता, निपुणता और ज्ञान से परिपूर्ण बनाकर नौकरी में सफलता पाने के लिए तैयार करती है। इस प्रगतिशील आधुनिक युग में बेहतरीन तकनीकी शिक्षा हासिल कर कोई भी कहीं भी, किसी भी रोजगार के क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकता है, जबकि उच्च शिक्षा के अभाव में अनेकों लोग अच्छे वेतन वाली नौकरियां पाने से वंचित रह जाते हैं। अगर आप शिक्षा अथवा अध्यापन के क्षेत्र में नौकरी की तलाश कर रहे हैं तो आप अध्यापन के क्षेत्र में शिक्षक बनकर, स्कूल, कॉलेज खोलकर, सरकारी नौकरी करके, कोचिंग संस्थान खोलकर अच्छी आजीविका कमा सकते हैं। कम्प्यूटर इंजीनियरिंग, लाइब्रेरियन बनकर अथवा कौशल विकास के क्षेत्र में प्रशिक्षण स्कूल खोलकर भी रोजगार प्राप्ति की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। आज भारत में डिजिटल, ऑनलाइन और कोचिंग शिक्षा का बाजार अपनी जड़ें जमा चुका है। 6-18 वर्ष के आयुवर्ग की विश्व की सबसे बड़ी जनसंख्या होने के कारण, भारतीय शिक्षा क्षेत्र में यह कारोबार दोगुनी रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। आकाश, बायज्जु और खान सर जैसे अनेकों शिक्षण/कोचिंग संस्थान जो कोटा, चंडीगढ़, दिल्ली, पटना और पूरे भारत के बड़े शहरों में फैले हुए हैं, लखूब रुपए कमा रहे हैं और इन संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों को भी अच्छी सैलरी मिल रही है। पुणे स्थित कंसल्टेंसी फर्म इंफिनियम ग्लोबल रिसर्च की मानें तो मौजूदा समय में भारत के कोचिंग उद्योग का बाजार राजस्व 58088 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। इस इंडस्ट्री के 2028 तक 133955 करोड़ रुपए तक पहुंच जाने का अनुमान है। भारत में प्रत्येक चार में से एक बच्चा कोचिंग अथवा ट्यूशन ले रहा है। आप शिक्षक बन सकते हैं क्योंकि यह बहुत ही आदर का पद भी है। अगर आपने किसी विषय में पढ़ाई की है और आवश्यक पात्रता परीक्षाएं यथा टेट/नेट/सेट आदि योग्यता धारक हैं तो आप अध्यापक/प्रोफेसर बन सकते हैं। शिक्षक न केवल प्रेरणा स्रोत होते हैं, बल्कि वे छात्रों को अपने ज्ञान एवं अनुभव से शिक्षित करते हैं, योग्य बनाते हैं। शिक्षक बनने के लिए आपके पास विषय ज्ञान, पढ़ाने की क्षमता, दक्षता और योग्यता होनी चाहिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां आप सम्मान के साथ-साथ अच्छे रुपए भी कमा सकते हैं। भारतवर्ष के प्रायः सभी राज्यों में प्राइवेट स्कूलों एवं कालेजों की भरमार है और उनको कमाई भी खूब हो रही है। इसके अतिरिक्त सरकारी नौकरी पाना लगभग सभी शिक्षित युवाओं का सपना होता है क्योंकि इसमें आपका भविष्य भी सुरक्षित रहता है। आज छोटे छोटे गांव कस्बों में भी कम्प्यूटर शिक्षण सिखलाई के केंद्र खुल चुके हैं। आज के समय में कंप्यूटर शिक्षा नए रोजगार के दरवाजे खोल रही है जिससे आप लाभान्वित हो सकते हैं। इस क्षेत्र में सॉफ्टवेयर इंजीनियर, हार्डवेयर इंजीनियर, नेटवर्क इंजीनियर, डेटा एनालिस्ट/साइंटिस्ट, वेब डेवलपर और डिजाइन इंजीनियरिंग के अलावा कुछ अन्य क्षेत्र हैं जहां शिक्षा प्राप्त कर आप बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा पुस्तकालय में काम करने वाले लाइब्रेरियन के रूप में भी शुरुआत की जा सकती है। आजकल डिजिटल और ऑनलाइन लाइब्रेरी का प्रचलन भी खूब बढ़ गया है। ग्राम, स्कूल, कॉलेज, महाविद्यालय, यूनिवर्सिटी और जिला स्तर पर पुस्तकालय शिक्षणार्थियों को खूब आकर्षित करते हैं और वैसे भी वास्तविक ज्ञान पुस्तकों में ही मिलता है, न कि सोशल मीडिया में। कौशल विकास संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, जैसे कि तकनीकी कौशल, कंप्यूटर ज्ञान, फैशन डिजायनिंग, ब्यूटीपार्लर, सिलाई कटाई की सिखलाई, इलेक्ट्रीशियन, प्लंबर, वेल्डिंग आदि व्यावसायिक और कला संबंधित कौशल से युवाओं को स्वरोजगार हेतु तैयार कर समाज को सौंपते हैं। ये स्कूल आमतौर पर सरकारी या निजी निकायों द्वारा संचालित होते हैं और अधिकांश मामलों में प्रमाणित पाठ्यक्रम उपलब्ध कराते हैं जो छात्रों को नौकरी में सफलता प्राप्त करने के काम आते हैं। विश्व बैंक द्वारा किए गए अध्ययनों से पता चलता है कि वर्तमान में दुनिया में शिक्षकों की कुल संख्या लगभग आठ करोड़ पचास लाख से अधिक है। यूनेस्को का एक अन्य अध्ययन बताता है कि 2000 और 2019 के बीच दुनिया भर में शिक्षकों की संख्या में 50 फीसदी की वृद्धि हुई है। नवीनतम यूडीआईएसई रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान समय में भारत में 9507123 स्कूल शिक्षक हैं। भारत में 4882446 शिक्षक सरकारी स्कूलों में कार्यरत हैं, जबकि 3540647 शिक्षक निजी स्कूलों में कार्यरत हैं। भारत में सबसे अधिक शिक्षकों वाला राज्य उत्तर प्रदेश है। इस राज्य में 1507828 स्कूल शिक्षक हैं। शिक्षकों की सबसे कम संख्या लक्षद्वीप में है।

# अंधेरे पहलुओं को उजागर करती मार्चिंग इन द डार्क

**सर्वमित्रा सुरजन**

> “पहला है एक कल्याणकारी राज्य का सृजन और दूसरे, मानवीय गरिमा को स्थापित करना”

अंधरातल्या मशाली या मार्चिंग इन द डार्क युवा फिल्मकार और निर्देशक किंशुक सुरजन की डाक्यूमेंट्री फिल्म है, जो क्लिन डीश्ओइल फिल्म्स के बैनर तले बनी है। वृत्तचित्र का मुख्य विषय महाराष्ट्र में किसान आत्महत्या और उन विधवाओं का त्रासद जीवन है, जिन्हें घर और बाहर हर जगह कई कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। लेकिन पांच सालों की मेहनत को 105 मिनटों में समेटे इस वृत्तचित्र को देखने के बाद महसूस होता है कि आपने किसी बेहतरीन उपन्यास को पढ़ा है, जिसका हर पन्ना एक नए अनुभव, एक नए अहसास को जगाता है, हर अध्याय में एक नयी कहानी खुलती है, लेकिन इसके बावजूद केन्द्रीय विषय से भटकाव नहीं होता। जैसे किसी रसभरी और सुरीली कविता या गजल को सुनते हुए श्रोता उसे संग-संग गुनगुनाने लगता है और हर नयी पंक्ति के बाद उसे पता होता है कि मुखड़ा कब दोहराना है, ठीक ऐसा ही अनुभव मार्चिंग इन द डार्क को देखते हुए होता है। इसमें अनेक कहानियां संग-संग चलती हैं, लेकिन सबमें कहीं न कहीं मुख्य किरदार संजीवनी भूरे या उस जैसी तमाम महिलाओं को जुड़ा पाते हैं। असल में इसे वृत्तचित्र या डाक्यूमेंट्री न कहकर फीचर फिल्म की तरह देखा जाए, तो भी उतना ही आनंद आएगा। खास बात यह है कि संजीवनी समेत फिल्म के तमाम किरदारों के असल जीवन को ही दर्शक पर्दे पर देखते हैं और उनकी बातचीत में भी कहीं कोई नाटकीयता नहीं है, किसी ने उन्हें संवाद लिखकर नहीं दिए कि आपको इस मौके पर ये कहना है या ऐसे भाव देने हैं। जो कुछ है असली है और इस असलियत को दर्शकों तक पहुंचाने का कमाल किंशुक सुरजन और उनके साथी सिनेमैटोग्राफर लीना पटोली, कार्ल रोटियर्स और विशाल विट्ठल ने कर दिखाया है। फिल्म की शुरुआत फसलों की नीलामी के दृश्य से शुरु होती है, जिसमें जाहिर तौर पर एमएसपी जैसी कोई बात नहीं है, बल्कि सीधे-सीधे दबाव डालने की बात है कि अभी जो दाम मिल रहे हैं, वही ले लो, वर्ना बाद में इतना भी नहीं मिलेगा। बाजार के खेल के दबाव के आगे किसान मजबूर है। एक बुजुर्ग किसान कहते हैं कि किसानों को कभी भी वह नहीं मिलता जिसके वे हकदार हैं। आगे पूरी फिल्म इसी हक मारने के अलग-अलग नतीजों को दिखाती है, लेकिन इन सबमें महिलाएं किस तरह त्रासदी का शिकार होती है, उसका बेहद मार्मिक चित्रण किया गया है।

संजीवनी भूरे के पति भी किसान थे और उनके आत्महत्या करने के बाद संजीवनी पर अपने दोनों छोटे बच्चों को पालने, खेती संभालने और साथ ही संयुक्त परिवार की जिम्मेदारियां हैं। इन जिम्मेदारियों को निभाते हुए संजीवनी जीवन में आगे बढ़ना और पढ़ना चाहती है। वह अपने परिजनों से छिपकर फर्स्ट ईयर में दाखिला लेती है, पढ़ती है, परीक्षा भी देती है, और अपनी सहेली के साथ परीक्षा के अनुभव को साझा करते हुए बताती है कि उसने कैसे नकल करने की तैयारी भी की थी। फिल्म में इस दृश्य को बेहद सहज और रोचक तरीके से दिखाया गया है। जिसमें दर्शक भी संजीवनी के साथ मुस्कुराए बगैर नहीं रह सकता। पति की आत्महत्या के बाद जीवन की कठिनाइयों का सामना करने वाली अकेली संजीवनी नहीं है, उससे पहले भी कई महिलाएं इसी तरह विधवा हुईं और संजीवनी के सामने भी कई और महिलाएं अकेली पड़ती जा रही हैं। इन महिलाओं के सामने समाज अनेक अनसुलझे सवाल अपनी रुढियों के जरिए खड़े करता है, जिनके जवाब ढूंढने में इन्हें मानसिक संताप से गुजरना पड़ता है। एक गैर सरकारी संगठन इन महिलाओं के लिए एक परामर्श सत्र चलाता है, जिसमें संजीवनी भी जाती है। पहले-पहल वह अपने मनोभावों को अभिव्यक्त करने में असमर्थ दिखती है। कैमरा संजीवनी के चेहरे के भावों को कैद करता है और दर्शक उसके गले में फंसे शब्दों को महसूस करता है। बार-बार पूछने पर भी संजीवनी कुछ नहीं कहती, लेकिन समय बीतने के साथ उसके मन में उमड़ते भाव शब्दों के जरिए अभिव्यक्त भी होते हैं और संजीवनी अपनी साथी महिलाओं से बात करती है, हाल ही में विधवा हुई एक अन्य महिला को सांत्वना के साथ-साथ हिम्मत बंधाती है, अपने बच्चों के साथ बच्ची बनकर हंसी-ठिठोली भी करती है। उनके कहने पर कुछ देर के लिए माथे पर बिंदी लगाती है और परामर्श केंद्र में दूसरा विवाह करने पर अपनी राय भी रखती है। दरअसल यह फिल्म का एक दूसरा पहलू है, जो बिना किसी उद्घोषणा के सीधे दर्शकों के मन में दखल देता है। परामर्श केंद्र में किसान विधवाओं को मनोवैज्ञानिक मदद तो दी ही जाती है, उनसे बातचीत में कई ऐसे मुद्दे निकल कर आते हैं, जो सीधे नारीवाद या फेमिनिज्म से जुड़ते हैं और साथ ही सामाजिक रूढ़ियों और अंधविश्वास को भी उजागर करते हैं। जैसे पति के देहांत के बाद महिलाएं माथे पर कुमकुम क्यों नहीं लगा सकतीं या होली के रंगों से क्यों दूर हो जाती हैं। उनके सामने जब गुलाल से सजी थाल रखी जाती है, तो थोड़ी सी झिझक के बाद सभी महिलाएं एक-दूसरे के गालों पर गुलाल मलते, मस्ती करते बेहद खुश दिखती हैं। हालांकि थोड़ी ही देर में गुलाल को पूरी तरह पोंछने और साफ करने का पल भी आता है, मानो इस परामर्श केंद्र के बाहर जो दुनिया है, वहां के नियम महिलाओं की इस खुशी को मान्यता नहीं देंगे। यहां आपसी चर्चा में कई महिलाएं पूरी बेबाकी से एकदम खरी बातें कहती हैं। जैसे एक महिला कहती है आदमी को तनाव होता है, तो वो शराब पिए, हमें मारे या खुद मर जाए, लेकिन हम महिलाएं ऐसा नहीं कर सकती। हमें तो घर भी देखना है, बच्चे भी पालना है और जो कर्ज उसने लिया, उसे चुकाने के लिए खेती भी करनी है। इसी तरह पुनर्विवाह का सवाल आता है, तो संजीवनी कहती है उसने किया अच्छा किया, उसने हिम्मत दिखाई, लेकिन मैं अभी इस बारे में नहीं सोच सकती। वो सवाल करती है कि क्या दूसरा पति हमारे बच्चों को भी अपनाएगा। एक अन्य महिला कहती है सगे बाप की जगह कोई नहीं ले सकता। इन महिलाओं में शायद ही किसी ने उच्च शिक्षा हासिल की हो, या आधुनिक जीवन शैली को देखा हो, लेकिन इनकी सोच आधुनिक है और महिला अधिकारों को मजबूत करने वाली है। तभी तो एक महिला जिसके पति ने कई साल पहले आत्महत्या कर ली थी, वो दूसरों को सलाह देती है कि रोने से कुछ नहीं होता, केवल आंखों की रौशनी पर असर पड़ता है।




**मेष:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।
**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।
**मिथुन:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।
**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कायरे में आलस्य का त्याग करें।
**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।
**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।
**तुला:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।
**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।
**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।
**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

# तालिबान, महिलाओं की समानता और हिंदुत्व राष्ट्रवाद



**आलेख : राम पुनियानी**

तवलीन सिंह एक जानी-मानी स्तंभ लेखक हैं। गत 8 दिसंबर 2024 को %द इंडियन एक्सप्रेस% में प्रकाशित उनके कॉलम में उन्होंने अफगानिस्तान में महिलाओं के चिकित्सा विज्ञान पढ़ने पर प्रतिबंध की चर्चा की है। यह प्रतिगामी कदम उठाने के लिए उन्होंने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार की बहुत तीखे शब्दों में आलोचना की है और यह ठीक भी है।इसी स्तंभ में उन्होंने यह भी लिखा है कि वामपंथी-उदारवादी तालिबान के प्रति सहानुभूति का रूख रखते हैं। यह कहना मुश्किल है कि उदारवादी-वामपंथियों के तालिबान और ईरान (जहां के शासकों की भी महिलाओं के बारे में वैसी ही सोच है) के प्रति रूख के बारे में तवलीन सिंह की टिप्पणी कितनी सही है। तवलीन सिंह ने उन लोगों की भी आलोचना की है, जो हिन्दू राष्ट्रवादियों की नीतियों और कार्यक्रमों की तुलना तालिबान से करते हैं। हिन्दू राष्ट्रवादियों और तालिबान की नीतियां और कार्यक्रमों में परिमाण या स्तर का फर्क हो सकता है, मगर दोनों में मूलभूत समानताएं हैं। तालिबान, खाड़ी के कई देशों और ईरान के महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण एक-दूसरे से मिलते-जुलते हैं, परंतु एकदम एक समान नहीं हैं। किन्हीं भी दो देशों की नीतियां एकदम एक-सी नहीं हो सकतीं, परंतु सैद्धांतिक स्तर पर हम उनमें समानताएं ढूंढ सकते हैं। इन देशों में धार्मिक कट्टरता में बढ़ोत्तरी की शुरूआत 1980 के दशक में ईरान में अयातुल्लाह खौमेनी के सत्ता में आने के साथ हुई। खौमेनी ने ईरान का सामाजिक-राजनैतिक परिदृश्य पूरी तरह से बदल दिया। धार्मिक कट्टरता से क्या आशय है? धार्मिक कट्टरता से आशय है चुनिंदा धार्मिक परंपराओं को राज्य की सत्ता का उपयोग कर समाज पर जबरदस्ती लादना। कई बार यह काम सरकार की बजाए वर्चस्वशाली राजनैतिक ताकतों द्वारा किया जाता है। जो परंपराएं लादी जाती हैं, वे अक्सर प्रतिगामी, दकियानूसी और दमनकारी होती हैं। इस दमन का शिकार महिलाओं के साथ-साथ समाज के अन्य कमजोर वर्ग भी होते हैं। धार्मिक कट्टरता स्वयं को मजबूत करने के लिए हमेशा एक भीतरी या बाहरी दुश्मन की तलाश में रहती है। अधिकांश खाड़ी के देशों में निशाने पर महिलाएं हैं। कई देशों में शैतान अमरीका 'दुश्मन' के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। जो भी दुश्मन चुना जाता है, समाज और देश की सारी समस्याओं के लिए उसे ही दोषी ठहरा दिया जाता है। जर्मनी में जन्मे फासीवाद और धार्मिक कट्टरतावाद में यह एक समानता है। जर्मनी में देश की सारी समस्याओं के लिए यहूदियों को जिम्मेदार ठहरा दिया गया और उनके खिलाफ नफरत इस हद तक पैदा कर दी गई कि जर्मनी के लोग यहूदियों के कत्लेआम को भी नजरअंदाज करने लगे। और यह सब केवल सर्वोच्च नेता की सत्ता को मजबूती देने के लिए किया गया था। फासीवाद और धार्मिक कट्टरतावाद में एक और समानता है -- महिलाओं के प्रति उनका दृष्टिकोण। फासीवादी जर्मनी में कहा जाता था कि महिलाओं की भूमिका रसोईघर, चर्च और बच्चों तक सीमित है। दूसरे देशों में भी धार्मिक कट्टरतावाद, महिलाओं पर कुछ इसी तरह के प्रतिबंध लगाता है। हिन्दू राष्ट्रवादियों के निशाने पर मुसलमान और कुछ समय से ईसाई भी हैं। हमने पिछले कुछ दशकों में साम्प्रदायिक हिंसा को भयावह ढंग से बढ़ते देखा है। साम्प्रदायिक हिंसा का परिमाण भी बढ़ा है और उसके तौर-तरीके अधिक व्यापक और खतरनाक बन गए हैं। पहले अयोध्या में एक मस्जिद को ढहाने का भयावह कृत्य किया गया। उसके बाद जमकर खून-खराबा हुआ और अब हर मस्जिद के नीचे मंदिर ढूंढा जा रहा है। इसके अलावा गाय और गौमांस के मुद्दे पर लिंचिंग हो रही है और गौरक्षकों की पूरी एक सेना खड़ी हो चुकी है। ''जिहाद शब्द का इस्तेमाल मुस्लिम अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने के लिए किया जा रहा है। लव जिहाद से शुरू होकर कोरोना जिहाद, लैंड जिहाद, यूपीएससी जिहाद आदि की बातें की जा रही हैं। यह सही है कि मुसलमानों को निशाना बनाने के अलावा भारत में धार्मिक कट्टरतावाद के अन्य लक्षण उतने स्पष्ट नहीं दिखलाई दे रहे हैं। मगर उनके अस्तित्व से इंकार नहीं किया जा सकता। जहां तक महिलाओं का प्रश्न है, सती प्रथा पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। देश में सती की आखिरी घटना 1980 के दशक का रूपकंवर कांड था। लेकिन फिर भंवरी देवी मामले में ऊंची जाति के बलात्कारी को अदालत ने यह कहते हुए बरी कर दिया कि भला कोई ऊंची जाति का व्यक्ति नीची जाति की महिला से बलात्कार कैसे कर सकता है। यह मानसिकता जाति प्रथा से उपजी है। हिंदू राष्ट्रवादी नीतियों को बारीकी से देखने पर यह समझ में आता है कि वे मूलतः महिला विरोधी हैं। जैसे लव जिहाद की अवधारणा को लें। यह परिवार के पुरूष सदस्यों को उनकी महिलाओं और लड़कियों पर नजर रखने का एक बहाना देता है। जो लोग लव जिहाद का विरोध करते हैं, वे ही लड़कियों को जींस नहीं पहनने देना चाहते। हिंदू राष्ट्रवादियों के हिंसा के प्रति दृष्टिकोण की झलक हमें बिलकिस बानो मामले से मिलती है। इस मामले में बलात्कार और हत्या के दोषियों का जेल से रिहा होने पर स्वागत किया गया था। यह अच्छा है कि अदालत ने उन्हें वापिस जेल भेज दिया। गोवा की एक महिला प्रोफेसर, जिसने मंगलसूत्र की तुलना जंजीर से की थी, को गाली-गलौच का सामना करना पड़ा।' मनुस्मृति' को आदर्श बताया जाता है। तवलीन सिंह हिंदू राष्ट्रवादियों के हमलों को हिंदू धार्मिकता बताती हैं। यह एकदम गलत है। उन्होंने स्वयं जय श्रीराम न कहने पर तीन मुसलमानों की चप्पलों से पिटाई का उदाहरण दिया है। क्या यह धार्मिकता है? ऐसी घटनाओं को 'धार्मिकता' बताना, धार्मिक कट्टरतावाद से उनके जुड़ाव को छिपाना है। मुस्लिम कट्टरतावाद को जिहादी इस्लाम कहना भी ठीक नहीं है। मुस्लिम कट्टरतावाद के कई स्वरूप हैं। मिस्र और कई अन्य देशों में उसे मुस्लिम ब्रदरहुड कहा जाता है। फिर ईरान की अयातुल्लाह सरकार तो है ही। धार्मिकता तो उसे कहते हैं, जिसका आचरण लाखों-करोड़ों हिंदुओं द्वारा अन्य धर्मों के लोगों के साथ रहते हुए सदियों से किया जा रहा है। इसी ने भारत को बहुलतावादी और विविधवर्णी देश बनाया है। हिंदू राष्ट्रवाद की वर्तमान नीतियां सावरकर और गोलवलकर की विचारधारा पर आधारित हैं। ये दोनों उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष से उपजे भारतीय राष्ट्रवाद के कटु विरोधी थे। बीसवीं सदी के महानतम हिंदू महात्मा गांधी को बहुलतावादी भारत का पक्षधर होने की कीमत अपने सीने पर गोलियां खाकर चुकानी पड़ी। तवलीन इस 'धार्मिकता' से नफरत करती हैं। मगर उन्हें यह समझना चाहिए कि जिहादी इस्लाम और इस्लामिक कट्टरतावाद भी इसी रास्ते से उभरा था। राजनीति को धर्म से जोड़ा जाता है और फिर धर्म के नाम पर राजनीति पूरे समाज को बर्बाद कर देती है। भारत में अभी यही हो रहा है। चाहे वह मस्जिदों पर दावा करना हो, मुसलमानों के घरों पर बुलडोजर चलाना हो, तृप्ता त्यागी द्वारा मुस्लिम विद्यार्थियों को पिटवाना हो या मांसाहारी भोजन स्कूल में लाने के लिए बच्चों को स्टोर में बंद करना हो या फिर मंगलौर में पब से बाहर आ रही लड़कियों की पिटाई लगाना हो, ये सब उसी का नतीजा हैं, जिसे तवलीन सिंह 'धार्मिकता' कहती हैं।

# कोठी पुलिस ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों को किया गिरतार

## कोठी पुलिस की लोग कर रहे है सराहना



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता बाराबंकी**

बाराबंकी। कोठी कोतवाली क्षेत्र के कैसर गंज स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा में चोरी के मामले का पर्दाफाश करने में कोठी पुलिस ने सफलता हासिल की है।स्वाट व सर्विलांस टीम की मदद से कोठी पुलिस ने चोरी में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।आरोपितों के पास से बैंक से चोरी की गई रूपये गिनने की मशीन,जमा पर्ची,तमंचा कारतूस सहित,पायल,सब्बल सहित अन्य सामान बरामद कर लिया है।दो लोगों ने ही वारदात को अंजाम दिया था।बीते आठ नवम्बर की रात कैसर गंज स्थित आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा में सेंध काटकर भीतर दाखिल होकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।पुलिस की पूछताछ में अभियुक्त रोहित व दीपक ने बताया कि चोरी करने से पहले रेकी कर सेंध काटने के स्थान आदि को चिन्हित किया।अभियुक्त रोहित द्वारा बैंक के अंदर जाकर कैश काउंटर को खंगाला।नकदी न मिलने पर नोट गिनने की मशीन सहित अन्य सामानो को चोरी कर लिया।शाखा प्रबंधक की शिकायत पर कोठी पुलिस केस दर्जकर मामले की पड़ताल में जुट गई।उसके बाद कोठी कोतवाली पुलिस के अलावा इस मामले में स्वाट व सर्विलांस की टीम को भी जांच में लगाया।इसके बाद संदिग्ध मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगाकर पुलिस आरोपितों को ट्रेस करने में सफल हो गई।अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डाक्टर अखिलेश नारायण सिंह व क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ आलोक पाठक ने गुरुवार को पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि बैंक में चोरी के मामले में रोहित कोरी पुत्र जगन्नाथ कोरी व दीपक पुत्र राम चंदर निवासी ग्राम संसारा थाना हैदरगढ़ कोठी पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है।दोनों आरोपित पहले भी चोरी के कई मामलों में जेल जा चुके हैं।आरोपितों के पास बैंक से चोरी की गई नोट गिनने की मशीन,जमा पर्ची,तमंचा व कारतूस,पायल,सब्बल सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए दोनों चोर के भाई पहले से जेल में बंद है। जिनमे रोहित के ऊपर करीब 15 मुकदमे दर्ज है।आरोपितों को पकड़ने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह,सर्विलांस सेल प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार यादव, स्वाट टीम प्रभारी अजय सिंह,सहित वरिष्ठ उप निरीक्षक शिव सागर तिवारी,उप निरीक्षक फिरोज खां,विशेष कुमार कुरील,ध्रुवराज,बलि करन,इमरान अली,दिनेश यादव,दिलीप प्रजापति,नवनीत तिवारी,राहुल कुमार सहित आदि शामिल थे।अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह व क्षेत्राधिकारी आलोक पाठक सहित अन्य ने कोठी पुलिस की सराहना की है।

## बाराबंकी ने जीता हॉकी खिताब, नेहा ने किया डेब्यू

**हॉकी की नई प्रतिभा का उदय, बाराबंकी ने जीता खिताब**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित अंडर 14 हॉकी प्रतियोगिता में बाराबंकी की टीम ने रोमांचक मुकाबले में लखनऊ की मोहम्मद साहिल 11 टीम को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। इस प्रतियोगिता में स्वर्गीय फरजान खान की पुत्री नेहा ने भी अपना पहला मैच खेला। नेहा, जो कि महज 13 साल की हैं, ने इस प्रतियोगिता में मिडफील्डर के रूप में शानदार प्रदर्शन किया। लखनऊ केडी सिंह बाबू स्टेडियम के कोच लता जी और श्री ऋषि ने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण दिया। इन कोचों ने खिलाड़ियों को न केवल हॉकी के बुनियादी सिद्धांत सिखाए, बल्कि उन्हें टीम वर्क और अनुशासन का महत्व भी समझाया। इस प्रतियोगिता में पूर्व खिलाड़ी मोहम्मद रिजवान सहित कई अन्य खिलाड़ियों ने भी भाग लिया और युवा खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने बच्चों को खेल के प्रति प्रेरित किया और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह प्रतियोगिता युवा हॉकी प्रतिभाओं को निखारने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित करती है।

## अटल जी की 100 वीं जयंती पर ब्लॉक स्तरीय निबंध लेखन, भाषण एवं काव्य पाठ प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**



लखनऊ। पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की 100 वीं जयंती पर राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय निबंध, भाषण व काव्य पाठ प्रयोयोगिता का आयोजन किया गया जिसमें नगर क्षेत्र के विभिन्न 15 विद्यालयों के 84 प्रतिभागी शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ विनोद कुमार एवं श्रीमती ज्योति पुष्प ( उप प्रधानाचार्य ) द्वारा किया गया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में 39 एवं भाषण प्रतियोगिता में 45 प्रतिभागी शामिल हुए 7प्रतियोगिता में 84 में से 32 प्रतिभागी अगले स्तर की प्रतियोगिता के लिए सफल हुए। यह प्रतियोगिता कल ( आज ) बिजली पासी डिग्री कॉलेज एवं जुबिली कॉलेज में आयोजित होगी। कार्यक्रम, कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष कुमार के संयोजन में सम्पन्न हुआ जिसमें सविता, डॉ. वसुंधरा व मोनिका का पूर्ण सहयोग रहा।

# जहां अपने गुरु व इष्टदेव का अपमान हो वहां नहीं जाना चाहिए : व्यास राजेश द्विवेदी



**मैथा कानपुर देहात।** हनुमान पड़ावगढ़ नेवादा देवराय (भोला नेवादा) में सनातन धर्म परिवार समिति द्वारा आयोजित करवाई जा रही विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास राजेश द्विवेदी ने दक्ष यज्ञ एवं सती चरित्र की कथा सुनाते हुए बताया कि जहां आपका अपने इष्ट देव या अपने गुरु का अपमान हो यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर नहीं जाना चाहिए चाहे वह स्थान अपने जन्मदाता पिता का ही क्यों ना हो। मैथा क्षेत्र के नेवादा देवराय (भोला नेवादा)गांव स्थित क्षेत्र वासियों की आस्था के प्रतीक हनुमान गढ पड़ाव मंदिर पर आयोजित की जा रही श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास राजेश द्विवेदी ने दक्ष यज्ञ एवं सती चरित्र की कथा का श्रवण करवाते हुए श्रोताओं को बताया कि जहां आपका अपने इष्ट देव या अपने गुरु का अपमान हो तो उस स्थान पर नहीं जाना चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्मदाता पिता का क्यों ही न हो। कथा के दौरान सती चरित्र प्रसंग को सुनाते हुए कहा कि भगवान शिव की बात को न मानने पर सती के पिता के घर जाने पर अपमानित होने के कारण स्वयं को सती को अग्नि में स्वाहा होना पड़ा उन्होंने कथा विस्तार में बताया कि माता सती के पिता दक्ष ने एक विशाल यज्ञ किया था जिसमें अपने सभी संबंधियों को बुलाया लेकिन बेटी सती के पति भगवान शंकर को नहीं बुलाया। जब सती को पता चला तो उन्हें बड़ा दुख हुआ और उन्होंने भगवान शिव से यज्ञ में जाने की अनुमति मांगी लेकिन भगवान शिव ने उन्हें यह कहकर मना कर दिया कि बिना बुलाए कहीं जाने से इंसान के सम्मान में कमी आती है लेकिन सती नहीं मानी और पिता दक्ष द्वारा आयोजित यज्ञ में पहुंच गई वहां पहुंचने पर सती ने अपने पिता द्वारा अपनों का अपमान देख स्वयं को यज्ञ की अग्नि में स्वाहा कर दिया। जब भगवान शिव को यह पता चला तो उन्होंने अपना तीसरा नेत्र खोलकर राजा दक्ष का सब कुछ तहस-नहस कर दिया। इधर सती का शव लेकर भगवान शंकर घूमते रहे तभी सभी देवताओं के आग्रह पर भगवान विष्णु ने अपने चक्र सुदर्शन से माता सती के शव शरीर के टुकड़े- टुकड़े कर दिए जहां शरीर का एक- एक टुकड़ा गिरा वहां वहां शक्तिपीठ बन गए। कथा के दौरान मंच संचालक पं भोले शुक्ला, महेश पाण्डेय,रीशुअवस्थी, मनीष दुबे, लल्लन शुक्ला, श्याम प्रकाश शुक्ला, छक्की लाल पाल,डा राजेश तिवारी, कैलाश नाथ पांडेय, मुन्ना प्रजापति सहित सैकड़ो की तादाद में श्रोता मौजूद रहे।

# गृहमंत्री के बयान पर भड़के समाजवादी छात्रसभा ने किया प्रदर्शन



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। गृहमंत्री अमित शाह के बयान को आधार बनाते हुए समाजवादी छात्र सभा जुड़े कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। लविवि इकाई अध्यक्ष प्रिंस कुमार की अगुवाई में छात्रों ने गृह मंत्री के संसद में आम्बेडकर पर दिए बयान के विरोध में जमकर नारेबाजी भी की। इस दौरान मौके पर तैनात पुलिस ने छात्रों को समझाने का भी प्रयास किया, लेकिन छात्र अपने पर अड़े रहे। जिसके बाद पुलिस ने बल का इस्तेमाल कर छात्रों को हिरासत में ले लिया। हनुमान सेतु मंदिर के निकट समाजवादी छात्र सभा से जुड़े कार्यकर्ताओं ने गृहमंत्री अमित शाह का प्रतीकात्मक पुतला फूंका। छात्र नेता तौकील गाजी ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को यह आभास नहीं है कि आज वो अगर अपने पद पर हैं तो उसके पीछे वजह डॉ. भीमराव अंबेडकर का संविधान है। राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी अभिषेक श्रीवास्तव, सर्वेश यादव, विपुल यादव, आदित्य पांडेय, शिवा यादव, दीपशिखा यादव, सत्यम यादव, अनुराग यादव, ऋषि अवस्थी, अंबुज यादव, सचिन यादव, नीतीश यादव समेत कई अन्य उपस्थित रहे।

# धर्म, जाति के नाम पर बंटवारा न होता तो सत्ता पक्ष अपने षड़यंत्र में कामयाब न होता :शिव कुमार बेरिया

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** आज धर्म जाति के नाम पर बंटवारा न होता तो लोग अपने षड्यंत्र में कामयाब न होते। लोकसभा, विधानसभा सहित कई चुनाव हारे। कहीं न कहीं हमसे कमी रही। हम अति उत्साह में हारे। पिछली सपा सरकार में लोगों का सर ऊंचा रहता था। सपा सरकार में चौतरफा सड़कों के जाल बिछे। आज बात पूर्व मंत्री व रसूलाबाद विधानसभा प्रभारी शिवकुमार बेरिया ने कही। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा कन्नौज लोकसभा का रसूलाबाद विधानसभा का सांसद प्रतिनिधि व रसूलाबाद विधानसभा का प्रभारी पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवकुमार बेरिया को बनाया गया। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने गहरा से लेकर रसूलाबाद कस्बे तक जोरदार ढंग से स्वागत किया। कस्बे में मुख्य चौराहा पर सपा जिला कोषाध्यक्ष गोपाल गुप्ता की मार्केट में स्थित सपा कार्यालय में सपा नेताओं,



पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं इसके बाद लोक परिषद का नेता अतहर खान भुट्टो के आवास पर पूर्व कैबिनेट मंत्री का स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

## गौ शाला में हो रहा है गौवंशीय पशुओं पर अत्याचार

**बरेली।** जनपद पीलीभीत क्षेत्र में देवीपुर गौशाला में ठंड और भूख प्यास से तड़पकर गायों की हुई मौत वीडियो में गौवंशो को ट्रैक्टर से रस्सी बांधकर खींचता नजर आया पीलीभीत देवीपुरा गौशाला का शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ वायरल वीडियो में गौशाला का कर्मचारी रस्सी से बांधकर कई गायों के शव को ट्रैक्टर से घसीट कर ले जा रहा है पशु क्रूरता का यह नजारा देखकर लोग दंग रह गए एक तरफ यूपी योगी सरकार गोवंश पशुओं के लिए गौशाला का निर्माण कर रही है जिससे पशु सुरक्षित रहे लेकिन पीलीभीत के देवीपुरा गौशाला की ऐसी हालत देखकर लोगों में आक्रोश नजर आ रहा है पूरा वीडियो सामने आने के बाद ग्राम पंचायत अधिकारी ने इस मामले में लापरवाही बरतने वाले दो लोगों के खिलाफ गजरौला थाने में पुलिस को तहरीर देकर पशु क्रूरता का मुकदमा दर्ज कराया।

# चोरों के हौसले बुलंद चोरी की घटनाओं को रोकने में नाकाम थाना सुशांत गोल्फ सिटी




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। थाना सुशांत गोल्फ सिटी के नीलमथा इलाके एवं आसपास की कॉलोनी में लगातार हो रही चोरियों की घटना से क्षेत्र के लोग परेशान हो गए हैं चोरों के हौसले बुलंद है। चोरों को पकड़ने में थाना सुशांत गोल्फ सिटी की पुलिस नाकाम दिख रही है। नीलमथा शहीद पथ पुल के पास तीन दुकानो में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। दुकानों का ताला तोड़कर लगभग तीन साढे तीन लाख रुपए चोर ले उड़े वहीं तीसरी दुकान का ताला न टूटने के कारण चोरी ना कर सके सुबह दुकानदार मलिक जब दुकान पर पहुंचा तो देखा की दुकान का ताला टूटा हुआ है तो तत्काल थाना सुशांत गोल्फ सिटी को सूचना दी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अंजनी कुमार मिश्रा एवं अवध विहार चौकी प्रभारी विपिन कुमार एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से चोरों की छानबीन की जा रही है। वही थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि 18 तारीख की सुबह को लगभग 5:00 बजे अशोक बेकरी एवं पी,यस डिपार्टमेंटल स्टोर के दुकानों में चोरों द्वारा चोरी हुई है जिसकी पुलिस छानबीन कर रही है और जल्द से जल्द चोरों का पकड़ लिया जाएगा।

# युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल-कूद प्रतियोगिता भदपुरा ब्लॉक में की गई आयोजित





**क्योलडिया, बरेली।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता भदपुरा ब्लॉक के मिनी स्टेडियम अलैहा में आयोजित की गई प्रतियोगिता का शुभारंभ भदपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार किया कबड्डी सब जूनियर में अलैहा प्रथम 100 मीटर में बालिका वर्ग में नीतू प्रथम जूनियर 800 मीटर बालक वर्ग में अलसैफ आदिल प्रथम रहे सब जूनियर लांग जम्प बालक वर्ग में प्रियांशु प्रथम शाट पुट सब जूनियर वर्ग में खुशबू प्रथम रही विजय विजेताओं को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार ने पुरस्कार वितरण किया इस दौरान प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार क्षेत्रीययुवा कल्याण अधिकारी मोहम्मद दानिश व्यायाम शिक्षक मुकेश कुमार पवन कुमार शैलेंद्र कुमार भगवत शरण समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## बहेरी माह में शुरू हुआ दोना पत्तल बनाने का प्रशिक्षण

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में उपायुक्त स्वतः रोजगार गंगाराम एवं निदेशक बड़ौदा आरसेटी मयंक कटियार ने द्वीप प्रज्जवलित करके दोना पत्तल बनाने के प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक रूप से उद्घाटन किया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अमरौधा ब्लॉक की बहेरी माह ग्राम पंचायत में बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) के द्वारा मुफ्त में आयोजित की जा रही है जिसमे समूह की महिलाये दोना पत्तल, मिठाई का डिब्बा, लिफाफा, फ़ाइल आदि बनाना सीख रही है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 16 दिसम्बर 24 से 26 दिसम्बर 24 तक आयोजित होगा। इसमें समूह की 30 महिलाये प्रशिक्षण ले रही है। इस अवसर पर प्रशिक्षिका रीतू अवस्थी, बदौड़ा आरसेटी के संकाय निखिल मिश्रा, पूर्व प्रधान संतोष कटियार, बैंक सखी सीता देवी आदि उपस्थित रहे।

# एलडीए जनता अदालत में 15 मामलों का हुआ निस्तारण, 42 मामलों में से 15 का हुआ मौके पर निपटारा



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने गुरुवार को आयोजित जनता अदालत में लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया। इस दौरान नामांतरण, रजिस्ट्री, फ्री-होल्ड और अवैध निर्माण से जुड़े 42 मामलों में से 15 मामलों का मौके पर ही निपटारा कर दिया गया। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। जनता अदालत में पहुंची कानपुर निवासी नीलम सिंह ने अपनी जमीन के रजिस्ट्रेशन को लेकर शिकायत की। उपाध्यक्ष ने इस मामले में तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह, चरनजीत कौर ने भी अपनी जमीन के रजिस्ट्रेशन को लेकर शिकायत की, जिसका भी समाधान किया गया। एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि जनता की समस्याओं को सुनने और उनका निस्तारण करने के लिए प्राधिकरण प्रतिबद्ध है।

# विधानसभा का घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने किया हाउस अरेस्ट



**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में क़ानून व्यवस्था, निजीकरण बेरोज़गारी, व किसानों की समस्याओं को लेकर 18 दिसंबर को विधानसभा घेराव के कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष नरेश कटियार के नेतृत्व सैकड़ों कांग्रेसी लखनऊ जा रहे थे प्रशासन ने सुबह से ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष के घर के बाहर सिविल ड्रेस में पुलिस फ़ोर्स तैनात कर दिया जैसे ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष के आवास पर कांग्रेसी एकत्रित हुए व लखनऊ जाने के लिए निकल रहे थे तभी एलज़आईज़्यूज़ के वरिष्ठ अधिकारी प्रदीप मिश्रा व इंस्पेक्टर शोभित कटियार पूरे अमले के साथ जिलाध्यक्ष व अन्य वरिष्ठ नेताओं को पुलिस द्वारा हाउस अरेस्ट किया गया कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेश कटियार ने कहा योगी सरकार ने लखनऊ जाने से रोकने के लिये घर पर पुलिस द्वारा हॉउस अरेस्ट कराया जाना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है क्या भाजपा सरकार ने मौलिक अधिकार को भी खत्म कर दिया है जिलाध्यक्ष के साथ पीसीसी सदस्य सुरेंद्र कटियार,कोषाध्यक्ष बृजेन्द्र स्वरुप कटियार, महासचिव अनिल कटियार, आदर्श कटियार,व अन्य कांग्रेसी को नज़रबंद रखा गया।

# कार सवार बदमाशों द्वारा बाइक सवार के साथ की लाखों की लूट की सूचना पर पहुंचे पुलिस आलाधिकारी

## पुलिस की घेराबंदी के चलते कार छोड़कर फरार हुए बदमाश

**जनपद कानपुर देहात।** कार सवार बदमाशों ने बाइक सवार के साथ लूट की घटना को अंजाम देते हुए लाखों रुपए लूट लिए। बाइक सवार शराब ठेके का पैसा कलेक्शन कर बैंक में जमा करने जा रहा था।

रास्ते में घेरकर कार सवारों ने लूट की घटना को अंजाम दिया। सूचना पर भारी पुलिस बल के साथ आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और घेराबंदी शुरू करा दिया। वहीं पुलिस की घेराबंदी के चलते लुटेरे रसूलाबाद थाना क्षेत्र के कार को छोड़कर फरार हो गए। पुलिस टीमें घटना के अनावरण के प्रयास में जुट गई है। दरअसल घटना है जनपद कानपुर देहात के रूरा थाना क्षेत्र के गहलौ गांव के पास की। जहां कमल शर्मा शराब ठेके से रुपए का कलेक्शन कर बैंक में जमा करने बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान कार सवार बदमाशों ने बाइक के आगे कार लगाकर असलहे के दम पर रूपयों से भरा बैग लूट ले गए और लाखों रुपए की लूट की घटना को अंजाम दे डाला। जिसके बाद युवक ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस आलाधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू कर दी। वहीं पुलिस अधिकारियों ने कई थानों की फोर्स की मदद से घेराबंदी शुरू कर दी। जिसके चलते कार सवार बदमाश कार को रसूलाबाद थाना क्षेत्र में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस टीमें अपराधियों के धरपकड़ में तेजी से जुट गई है।

# ईपीएस 95 पेंशनर्स की मासिक बैठक में की गई पेंशनर्स के हितों की चर्चा



**बरेली।** ईपीएस 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति बरेली मंडल बरेली की मासिक बैठक मंडल अध्यक्ष ओ पी शर्मा की अध्यक्षता में पुराने बस स्टेशन रोडवेज बरेली पर सम्पन्न हुई। बैठक में प्रान्तीय उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद लोधी ने राष्ट्रीय नेतृत्व के आव्हान पर दि. 11 व 12 दिसम्बर 2024 के जन्तर-मन्तर नई दिल्ली के घोषित आन्दोलन को केन्द्रीय श्रम मंत्री जी के आश्वासन पर स्थगित करने पर प्रकाश डाला।

बैठक में ओ पी शर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में राष्ट्रीय नेतृत्व का देश के सभी 28 प्रान्तों में किये जा रहे पेंशनर्स को संगठित कर आन्दोलन की धार तेज करने के प्रयासों की प्रसंशा करते हुए कहा कि संगठन की ताकत के बल पर ही आज लोक सभा और राज्य सभा के सभी पटलों पर ईपीएस 95 के पेंशनर्स की पेंशन बढ़ोत्तरी की चार सूत्रीय मांग 7500 पेंशन साथ में मंहगाई भत्ता, पति पत्नी की निशुल्क चिकित्सा, उच्चतम पेंशन का लाल और योजना से बंचित सदस्यों को 5000 रूपये मासिक जीवन निर्वाह भत्ता देने की मांग गूँज रही है।

बैठक में चारो जिलों के पेंशनर्स सदस्यों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक में उमेश चन्द्र जौहरी, आर एस गुप्ता, नरेन्द्र प्रकाश सक्सेना, चिरंजीव गौड़, के एम त्रिपाठी, सुल्तान मोहम्मद, पुनीत गोयल, आर के मिश्रा, साबिर हुसैन, सुशील सक्सेना, मक्खन लाल, मनोहर लाल आदि ने विचार व्यक्त किए।

# एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई. डी.एच.) योजनान्तर्गत दो दिवसीय हुआ कृषक मेला/गोष्ठी का आयोजन



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर। एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई. डी.एच.) योजनान्तर्गत दो दिवसीय कृषक मेला/गोष्ठी का आयोजन कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी परिसर सीतापुर में किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया गया।जनपद के दस प्रगतिशील कृषकों/उद्यमियों द्वारा स्ट्रोबेरी, ड्रैगन फ्रूट की खेती में उत्कृष्ट कार्य व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना स्थापित उद्यमों के उत्कृष्ट उत्पादों करने की उद्यान के नये आयाम गढ़ते किसानों की सफलता की कहानी पुस्तिका का विमोचन जिलाधिकारी द्वारा किया गया, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषक/उद्यमी यथा सीमा देवी,भारती रस्तोगी वन्दना तिवारी, संजय कुमार,विकास वर्मा, विकास सिंह,फूल मती,नवीन मोहन राजवंशी, रोहित सिंह,फहद फारूकी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सीतापुर के प्रतिनिधिमुनीन्द्र अवस्थी, जन-प्रतिनिधि राम गोपाल अवस्थी चेयरमैन, रामगढ़ गन्ना समिति,उप निदेशक कृषि,प्रधान वैज्ञानिक सी.आई.एस.एच. रहमान खेड़ा,वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया/ अम्बरपुर, जिला गन्ना अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला पौध रक्षा अधिकारी, जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन, सचिव भारतीय किसान यूनियन,क्षेत्रीय प्रबन्धक इफको, सीतापुर उपस्थित रहे। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा मेले में आये हुए समस्त कृषक/जनप्रतिनिधि/अधिकारियों का अभिवादन करते हुए विभागीय विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा मेले में आये हुए कृषकों को सम्बोधित करते हुए औद्यानिक फसलों को बढ़ावा देने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया तथा किसानों को औद्यानिक फसलों की खेती करने हेतु प्रेरित किया,जिससे किसानों की आय दोगुनी हो सके। डा. प्रभात कुमार शुक्ला, प्रधान वैज्ञानिक सी.आई.एस.एच. रहमान खेड़ा द्वारा औद्यानिक फसलों में कीट व्याधि प्रबन्धन की विस्तृत जानकारी दी गयी। डा. सुशील कुमार शुक्ला, प्रधान वैज्ञानिक सी.आई.एस.एच. रहमान खेड़ा द्वारा औद्यानिक फसलों की नवीनतम तकनीक से खेती करने हेतु विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। डा. डी.एस. श्रीवास्तव, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र -कटिया द्वारा जैविक विधि से संकर शाकभाजी उत्पादन,प्राकृतिक औद्यानिक खेती की सुरक्षा पर जानकारी दी गयी।डा0 वी0के0 सिंह,वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र-अंबरपुर द्वारा मौन पालन,मशरूम उत्पादन एवं आम बागवानी की जानकारी दी गयी। प्रगतिशील कृषक नवीन मोहन राजवंशी द्वारा स्ट्रोबेरी की खेती से होने वाले लाभ को कृषकों को बताया गया।रोहित सिंह द्वारा ड्रैगन फ्रूट,केला, शिमला मिर्च,टमाटर, मसाला मिर्च की खेती मल्चिंग विधि से करने की तकनीकी जानकारी दी गयी तथा किसानों को औद्यानिक फसलों की खेती करने के लिये प्रेरित किया। अन्त में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में आये अतिथियों/कृषकों का धन्यवाद हुए मेले का समापन किया गया।

# जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशा अनुसार प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत तीसरे दिन भी व्यथितो की सुनी पीड़ा , लिए आवेदन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - कन्हैया कुमार**

जमुई। डीएम अभिलाषा शर्मा के निर्देश पर लगातार तीसरे दिन भी जिले के सभी प्रखंड के ग्राम पंचायत परिसर में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दरम्यान नामित पदाधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनकी कठिनाइयों को जाना। मौके पर व्यथित जनों ने आवेदन के जरिए अपनी पीड़ा से उन्हें अवगत कराया। कुछ आवेदनों का ऑन द स्पॉट निपटान किया गया तो कुछ आवेदन को विधि सम्मत कार्रवाई के लिए नामित विभागों को भेजे गए। अंकित अधिकारियों ने प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए आमजनों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। पदाधिकारी ने पीएम आवास , मनरेगा , आपूर्ति , पेंशन , हर घर






नल का जल , विद्युत , स्वास्थ्य , शिक्षा , आंगनवाड़ी , कृषि , परिवहन , उद्योग , श्रम आदि विभागों से जुड़े कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा की और इसके संबंध में उपस्थित जनों को वांछित जानकारी देकर उनका क्षमतावर्धन किया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि जनता की समस्यायों का निपटान करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। फ्लैक्स के जरिए कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर मद्य निषेध , समाज कल्याण , आईसीडीएस , स्वास्थ्य , शिक्षा , परिवहन , उद्योग , श्रम आदि विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए गए हैं। जरूरतमंद लोग यहां वांछित जानकारी हासिल करें। साथ ही आवेदन के जरिए अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराकर उसका निदान कराएं। डीएम ने इस अवसर पर समेकित बाल विकास परियोजना के तहत एनीमिया , पूरक पोषाहार , पोषण भी पढ़ाई भी , पर्यावरण संरक्षण आदि संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी और इसका लाभ लेने की अपील की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से केंद्र पर एनीमिया जांच के लिए कैंप लगाए जाने की बात बताते हुए कहा कि लोग इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। बीडीओ , सीडीपीओ समेत प्रखंड और अंचल स्तरीय पदाधिकारी , पंचायत जनप्रतिनिधि आदि नामित जन प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित होकर जनता को यथोचित सहयोग किया और उन्हें वांछित जानकारी दी।

# राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा–2024 को सकुशल सुचितापूर्ण, सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संग निरीक्षण कर जिला अधिकारी ने दिये निर्देश







**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारम्भिक) परीक्षा-2024 को सकुशल, सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने नगर स्थित राजकीय इन्टर कॉलेज सीतापुर, राजा रघुवर दयाल इंटर कॉलेज, उजागर लाल इंटर कॉलेज सीतापुर, म्युनिसिपल इंटर कालेज, आर.एम.पी. इंटर कॉलेज, आर.एम.पी. पी.जी. कॉलेज,पण्डित दीनदयाल उपाध्याय पी. जी. कालेज, निकट मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पहुंचकर की गई तैयारियों को देखा।कंट्रोल रूम,सी. सी.टी.वी. कक्षो, स्ट्रांग रूम आदि का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश सम्बन्धित को प्रदान किये।परीक्षा कक्ष में लगाए गए कक्ष निरीक्षकों की जानकारी लेकर लोक सेवा आयोग द्वारा जारी निर्देशों का शत प्रतिशत पालन कराने के निर्देश प्रदान किया।सम्बधित कॉलेजों के सभी प्रधानाचार्य से वार्ता कर सेक्टर मजिस्ट्रेट/स्टेटिक मजिस्ट्रेट, ब्रीफिंग आदि की जानकारी लेकर परीक्षा ड्यूटी में लगे सभी का परिचय पत्र जारी करने के निर्देश जिलाधिकारी ने प्रदान किये। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने परीक्षा के दौरान सघन चेकिंग के साथ अराजक तत्वों/संदिग्धों पर विशेष निगरानी बनाये रखने के निर्देश ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रदान किये। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों से निर्धारित दूरी तक ही वाहनों का प्रवेश रहेगा, यह सुनिश्चित कर लिया जाये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार यादव,जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुरानी रंजिश को लेकर महिला ने मारपीट करने का लगाया आरोप

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** उसरी पुरानी रंजिश को लेकर महिला से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने बताया कि मामले में जांच पड़ताल की जाएगी। रसूलाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत उसरी गांव के रहने वाली एक महिला ने पुलिस को बताया कि 15 दिसंबर को पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही आधा दर्जन दबंग एकराय होकर जान से मारने के इरादे से कुल्हाड़ी, फरसा, लाठी व डंडा लेकर उसके दरवाजे आ गए और गाली गलौज करने लगे। एक राय होकर दबंगों ने महिला को मारा पीटा। पीड़िता ने बताया कि मामले की शिकायत उन्होंने थाने में की है। इसके साथ ही डाक्टरी परीक्षण भी कराया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्य मार्ग पर बह रहा गंदा पानी स्वच्छता अभियान की उड़ाई जा रही धज्जियां

➢ ग्रामीणों ने उठायी आवाज ➢ फ़रवरी में शादी, रास्ते पड़े बदहाल जिम्मेदार मौन

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर। सरकार स्वच्छता को लेकर अभियान चला रही है उसके बाद भी जिले के विकास खण्ड सकरन क्षेत्र के गांव महराजनगर के मजरा गजनीपुर बाजार के मुख्य मार्ग पर गंदा पानी बहने से जलभराव व कीचड़ की समस्या बनी हुई है।इससे बच्चों के साथ बुजुर्ग इसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। पांच वर्ष तक लगातार ग्रामीणों की शिकायतों के बाद भी ग्राम प्रधान व ब्लाक अधिकारियों द्वारा इस समस्या का निस्तारण नहीं कराने से ग्रामीणों में नाराजगी है। क्षेत्र के गांव गजनीपुर की आबादी करीब एक हजार है। प्रधान का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है।उसके बाद भी गांव में विकास के नाम पर न के बराबर काम हुआ है गांव के मुख्य मार्ग पर नाली नहीं है जिसके चलते घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़क पर बह रह रहा है। पूरा रास्ता कीचड़ से भर गया है। आए दिन भी लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधियों व ब्लाक से लेकर तहसील तक के



अधिकारियों से रास्ते व नाली निर्माण की गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन उसके बाद भी इस रास्ते के साथ गांव के अन्य रास्ते भी सही नहीं हुए हैं।यह गांव के मुख्य रास्तों में से एक हैं।इस मार्ग हर समय पानी भरा रहता हैं। जिसमें आए दिन दोपहिया वाहन चालक के साथ बच्चों के साथ बुजुर्ग लोग फिसलकर चोटिल हो जाते है।मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल को भी सडक दिखा कर शिकायतों के बाद भी उन्होंने रास्ता सही नहीं कराया। वहीं शुभम रस्तोगी समाज सेवी ने बताया कीचड़ भरा रास्ता होने के कारण बड़ों के साथ बच्चों को निकलने में भारी परेशानी होती है। गांव के मैन रास्ते पर गंदगी की समस्या को लेकर ग्राम प्रधान,खण्ड विकास अधिकारी व उप जिला अधिकारी से शिकायत के बाद भी समस्या से निजात नहीं दिलाई जा रही है। अट्ठाइस फ़रवरी को बिटिया की शादी है सडक कीचड़ युक्त रही तो कैसे होगी शादी। गांव में आने जाने के रास्ते पर गंदगी पसरी होने के साथ-साथ जलभराव के चलते सड़क पर कीचड़ हो जाता है।जिससे वहां से गुजरने के लिए गंदगी व गंदे पानी से ग्रामीणों के साथ बच्चों को होकर गुजरना पड़ता है।

## सड़क दुर्घटना में घायल मजदूर की इलाज़ के दौरान हुई मौत

**जमालपुर, मिर्जापुर।** मजदूर की काम पर से वापस लौटते समय गाड़ी के चपेट में आने से इलाज़ के दौरान मौत हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखंड जमालपुर के ग्राम रेरूपुर, पोस्ट पिडखिर निवासी विनय पुत्र चिथरू उम्र करीब 35 वर्ष परसोधा चुनार से मजदूरी करके घर वापस जा रहे थे तभी चुनार की ओर से तेज रफ्तार आ रही गाड़ी ने टक्कर मार दिया। ग्रामीणों द्वारा अस्पताल पहुंचाने पर इलाज हेतु ट्रामा सेंटर बीएचयू भेज दिया गया। इलाज के दौरान रात में मृत्यु हो गया।

# आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**स्कूली बच्चों का परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां की गई वितरित**




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। आयुष विभाग के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरोजनीनगर के राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय पिपरसण्ड द्वारा एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया पिपरसण्ड रेलवे स्टेशन के पास स्थित प्रभात शिक्षा संस्थान स्कूल में गुरुवार को आयोजित शिविर में चिकित्सालय की प्रभारी डॉ. अलका कटियार द्वारा 140 बच्चों का परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। इस दौरान डॉ. अलका कटियार ने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में विस्तार से बताने के साथ उन्हें सफाई के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि बदलते आधुनिक युग में पौष्टिक आहार बेहद ज्यादा आवश्यक है। उन्होंने इसकी जानकारी देते हुए बच्चों को स्वच्छ रहने पर बल दिया। वहीं कुपोषित बच्चों को संबंधित दवाओं का विशेष रूप से वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ. अलका कटियार के अलावा फार्मासिस्ट पंकज बाजपेई ने भी बच्चों को जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में होरीलाल और स्कूल के प्राचार्य गोविंद ने अपना पूरा सहयोग प्रदान किया।

# सेक्यूलर ढांचे पर खतरा मंडरा रहा है इसे बचाना आज की आवश्यकता

**सोशलिस्ट पार्टी व जन मुक्ति संघर्ष वाहिनी की ओर से मनाया गया काकोरी काण्ड के शहीद अशफाक उल्ला खाँ,रामप्रसाद बिस्मिल एवं ठाकुर रोशन सिंह का शहादत दिवस**




**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर। देश के सेक्यूलर ढांचे पर खतरा मंडरा रहा है। आतंकी और फिरकावाराना ताकतों को न केवल बढ़ाया जा रहा है बल्कि उनको देश की महत्वपूर्ण संस्थाओं में निर्णायक पदों पर बैठाया जा रहा है। हमें अपने देश की साझी संस्कृति और साझी विरासत को बचाना है। यह बात सोशलिस्ट पार्टी व जनमुक्ति संघर्ष वाहिनी के सीतापुर जिलाध्यक्ष अनुराग आग्नेय ने वाराणसी में सर्व सेवा संघ पर सरकार द्वारा कब्जा कर लिए जाने के विरोध एवं काकोरी काण्ड के शहीद अशफाकउल्ला खाँ, रामप्रसाद बिस्मिल एवं ठाकुर रोशन सिंह की शहादत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कही।ताकि देश में एक सार्थक महौल बनाया जा सके। अधिवक्ता एवं लेखक अनूप कुमार ने कहा कि देश में धर्मान्धता ज़हर तेजी से फैलाया जा रहा है।यह हिन्दू और मुस्लिम दोनों ही सम्प्रदायों के बीच जारी है। इसके बाद इन दोनों समुदायों के मध्य होने वाली भिड़ंत का फायदा राजनैतिक ताकतें उठा रही है। समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रामपाल भार्गव ने कहा कि देश में अल्प संख्यकों और कमजोर तबकों पर अत्याचार हो रहे हैं, इसे हर हालत में रोकना होगा। देश के बहुलवादी चरित्र को इस प्रकार एक रेखीय नहीं बनने दिया जा सकता। दलित राजनैतिक कार्यकर्ता रामबख्श राव ने कहा कि दलितों और आदि वासियों के मध्य भी साम्प्रदायिकता का ज़हर फैलाया जा रहा है।आज जब उन्हें शिक्षित करने की आवश्यकता है,कुछ संगठन उन्हें साम्प्रदायिक गति विधियों में झोंक रहे हैं। अधिवक्ता सुखलेश राज वंशी ने कहा कि आज हमें आम जनमानस को जाग्रत करने के लिए एक जनान्दोलन शुरू करना होगा। इस मौके पर कई प्रगति शील विचारों से ताल्लुक रखने वाले लोग भी उपस्थित रहे।

## वार्षिक खेल महोत्सव में बच्चों ने दिखाई अपनी-अपनी प्रतिभा

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

लखनऊ। बाल निकुंज इंटर कॉलेज मोहिबुल्लापुर सीतापुर रोड लखनऊ स्थित प्लेग्राउंड में चल रहे वार्षिक खेल महोत्सव के एथलेटिक गेम्स में सातवें दिन सभी शाखाओं से कक्षा-नर्सरी के नन्हे मुन्नों के लिए 63 विभिन्न एथलेटिक गेम्स कराए गए। जिसमें लगभग 220 बच्चों ने प्रतिभाग किया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने बाल निकुंज इंटर कॉलेज बॉयज विंग शाखा को दिये 34 स्वर्ण, 29 रजत और 42 कांस्य पदकों के साथ तीसरी बार पुन- प्रथम स्थान की श्रेष्ठता कायम कर पाने में सफल रहा। वहीं दूसरी तरफ बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल पलटन छावनी 15 स्वर्ण, 17 रजत और 8 कांस्य पदकों के साथ एक पायदान लड़खड़ाकर दूसरे स्थान पर आ रुका । बाल निकुंज विद्यालय,बेलीगारद, शाखा ने 13 स्वर्ण 5 रजत और 6 कांस्य पदकों के साथ तीसरी पोजीशन पर बना रहा। बच्चों ने टोमैटो, ओरेंज, ग्वाबा, ब्रिंजल, फ्रॉग रेस में स्वर्ण पदक जीते। विजेता बच्चों को कॉलेज प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल एवं कॉलेज कोऑर्डिनेटर सुधीर मिश्रा ने प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बम से बचाव को लेकर की गई मॉक ड्रिल

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। राजधानी लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बम से बचाव को लेकर सुरक्षा एजेंसियों व संबंधित अधिकारियों की चुस्ती फुर्ती परखने के लिए बम निरोधक मॉक ड्रिल की गई। जो पूरी तरह सफल रही। एयरपोर्ट प्रवक्ता के मुताबिक इस मॉक ड्रिल में




दोपहर को टर्मिनल 3 के गेट नंबर 2 के पास बम होने की सूचना दर्शायी गई। इसके बाद अधिकारियों और संबंधित एजेंसियों को इसकी सूचना दी गई। सूचना पाकर आनन फानन पहुंचे एयरलाइंस अधिकारियों के साथ सीआईएसएफ, पुलिस, अस्पताल, फायर ब्रिगेड और एयरपोर्ट रेस्क्यू व फायर फाइटिंग के अलावा चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट प्रबंधन की टीम सतर्क हुई और कुछ ही देर में दर्शाए गए बम वाले स्थान को खाली करा कर उसे घेर लिया गया। बाद में सुरक्षा एजेंसियों द्वारा जांच पड़ताल की गई तो वहां कुछ नहीं मिला। इसके बाद सभी को जानकारी दी गई की यहां वास्तव में बम जैसा कुछ नहीं, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों व संबंधित अधिकारियों की चुस्ती फुर्ती परखने के लिए की गई महज एक मॉक ड्रिल थी। जिसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने बताया कि फिलहाल सभी की मुस्तैदी परखने के लिए की गई यह मॉक ड्रिल पूरी तरह सफल रही। उन्होंने बताया कि ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए समय-समय पर यहां मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाता रहता है।

# भारतीय किसान यूनियन भानू द्वारा चार सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील कार्यालय पर दिया धरना



**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता लखनऊ**

सरोजनीनगर। भारतीय किसान यूनियन (भानू) द्वारा चार सूत्रीय मांगों को लेकर गुरुवार को सरोजनी नगर तहसील कार्यालय पर धरना दिया गया। इस दौरान संगठन के नेताओं ने अपनी मांगों को लेकर सरोजनी नगर एसडीएम को एक ज्ञापन भी सौंपा। संगठन के प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा के नेतृत्व में दोपहर बाद शुरू हुआ यह धरना देर शाम तक चला। इस दौरान किसान नेताओं ने हरौनी गांव में खसरा संख्या 303 की पट्टा पत्रावली की जांच कराते हुए रास्ते और सुरक्षित भूमि पर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराए जाने की मांग की। उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किए जाने की कार्यवाही को जनहित में सुगम बनाए जाने की भी मांग की। नेताओं ने कहा कि राजस्व ग्राम बेहसा के खसरा संख्या 39 व 42 में हरौनी निवासी खातेदार भगवान देई की भूमि पर उनके वारिसों को कब्जा दिलाया जाए। किसान नेताओं ने कहा कि राजस्व ग्राम हरौनी के खसरा संख्या 439 के खातेदार नूर मोहम्मद की भूमि पर किए जा रहे फर्जी वाड़े की अभिलेखीय जांच करा कर कार्रवाई की जाए। किसान नेताओं ने इन मांगों को लेकर एक ज्ञापन भी एसडीएम को सौंपा। किसान नेताओं की इस मांग पर एसडीएम ने टीम गठित कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद शाम करीब 5 बजे किसान नेताओं ने अपना धरना समाप्त कर दिया। धरने में प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा के अलावा जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार गौतम, युवा जिलाध्यक्ष समरसेन शेरा, ब्लॉक अध्यक्ष नीरज कुमार रावत, तहसील अध्यक्ष आरडी रावत, तहसील महासचिव मो. इरफान, तहसील प्रभारी सचिन रावत, जिला प्रवक्ता अनिल वर्मा, जिला उपाध्यक्ष रिशु रावत और मंडल महासचिव राजकुमार सहित कई अन्य पदाधिकारी व किसान मौजूद रहे।

# परिवार नियोजन साधनों की आपूर्ति को सक्षम बनायेंगे फार्मासिस्ट

**उम्मीद परियोजना के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन**
**दम्पतियों को समय से मिलेंगी सेवाए, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में आयेगी कमी**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता राकेश पाण्डेय**

सीतापुर। परिवार नियोजन लॉजिस्टिक प्रबंधन सूचना प्रणाली (एफपीएल एमआई एस) पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। स्वास्थ्य विभाग के मार्ग दर्शन और मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीएफआई) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के सभी ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के फार्मासिस्टों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि परिवार नियोजन कार्य क्रम की सफलता में मांग और आपूर्ति प्रबंधन का विशेष महत्व है।यह प्रशिक्षण फार्मासिस्टों




को एफपी लॉजिस्टिक्स के कुशल प्रबंधन में सक्षम बनाएगा,जिससे सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीआईवी एचएसएनडी के दौरान एफपी लॉजिस्टिक्स का भी अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश चंद्रा ने फार्मासिस्टों को एफपीएल एमआईएस पोर्टल का नियमित उपयोग सुनिश्चित करने,बफर स्टॉक बनाए रखने,और आशा-ए एनएम के साथ लॉजिस्टिक्स की समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, परिवार नियोजन से मातृ मृत्यु दर में तीस प्रतिशत तक कमी लाई जा सकती है। इसके लिए गर्भावस्था जांच के साथ अस्थायी साधनों की जानकारी और परामर्श आवश्यक है। पीएफआई के राम बरन यादव ने उम्मीद परियोजना के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और परिवार नियोजन परामर्श की आवश्यकता पर जोर देते हुए पुरुष नसबंदी पखवाड़ा,परिवार नियोजन बॉक्स की उपलब्धता और स्वास्थ्य केन्द्रों में परिवार नियोजन साधनों की स्थिति पर चर्चा की गई। इस मौके पर डीसीपीएम रिजवान मलिक, परिवार नियोजन लॉजिस्टिक मैनेजर जावेद खां,पीएफ आई की पूर्णिमा, फार्मासिस्ट अवनीशअवस्थी धीरेंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। क्या है एफपीएलएमआईएस - राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत वर्मा ने बताया कि एफपीएलएमआईएस एक प्रभावी ऑनलाइन पोर्टल है, जो परिवार नियोजन कार्य क्रम के तहत आवश्यक सामग्रियों की मांग, वितरण और बफर स्टॉक की निगरानी में सहायता करता है। यह पोर्टल फार्मासिस्टों को सामग्री का समयबद्ध तरीके से इंडेंट और वितरण करने में सक्षम बनाता है, जिससे किसी भी स्तर पर सामग्री की कमी नहीं होती। इसके माध्यम से सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में कंडोम, गर्भनिरोधक गोलियां,अंतरा इंजेक्शन, और अन्य महत्व पूर्ण सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है।साथ ही पोर्टल पर उपलब्ध डेटा के आधार पर प्रशासन को त्वरित निर्णय लेने में मदद मिलती है।

# चेकमेट की शूटिंग के दौरान बहुत दर्द में थी

# नायरा एम. बनर्जी

## ने कहा- मुझे इंजेक्शन लग रहे थे, पूरा शरीर सूजा हुआ था



इन दिनों नायरा एम. बनर्जी अपनी प्रोफेशनल लाइफमें हंगामा पर हालिया स्ट्रीम हुए क्राइम थ्रिलर शो 'चेकमेट' और 'बिग बॉस-18' को चर्चा में हैं, वहीं दूसरी तरफरियल लाइफकी खबर यह है कि उन्होंने यग फ्रीजिंग करवाया है। उन्होंने अपनी पर्सनल-प्रोफेशनल लाइफपर खुलकर बात की। पेश है बातचीत का प्रमुख अंश- मधुरिमा से नायरा बनर्जी नाम कैसे पड़ा? मेरा नाम मधुरिमा नहीं हैं, यह बोल-बोलकर थक गई हूं। देखिए, मधुरिमा मेरा साउथ स्क्रीन नेम था। साउथ में मेरा एक्चुअल डेब्यू संस्कृत फिल्म 'आदि शंकराचार्य'-फेम लेखक-निर्देशक जी.वी.अय्यर के साथ धारावाहिक 'कादंबरी' शो से हुआ था। उन्होंने 'कादंबरी' शो में मुझे किरदार का नाम मधुरिमा यह बोलकर दिया था कि बड़ा स्वीटनेस-सा नेम है। उनकी वजह से यह स्क्रीन नेम यूज किया था। उस समय कॉलेज में थी। फिलहाल, मैंने इसे साइट वालों से बोलकर करेक्ट भी करवाया था, पर किया नहीं। तेलुगु में जूनियर एनटीआर के साथ 'टेम्पर' मेरी आखिरी फिल्म थी। उसके बाद तेलुगु में कोई फिल्म किया नहीं। मैंने ड्राप भी इसलिए किया, क्योंकि मधुरिमा तुली नाम के नाम पर मेरा आर्टिकल और मेरे आर्टिकल पर उनका फोटोज छप जाता था। खैर, मेरा एक ही नाम है और वह है, नायरा एम. बनर्जी। 'चेकमेट' में निभाए किरदार नीलम के बारे में बताइए? 'चेकमेट' बहुत ही अलग किस्म का शो है, जहां पर एक लेडी की इमोशनल मेंटल जर्नी दिखाई देती है। हर इंसान अपनी लाइफमें पास्ट को भुलाकर नया फेस शुरू करना चाहता है। मेरे किरदार का नाम नीलम है। नीलम बहुत ही ब्रूटल रही है। उसका पास्ट बहुत ही डरावना और डिफरेंट रहा है, जिसकी वजह से उसने कोशिश की कि अपनी लाइफको पूरी तरह से सुधारे और चेंज करे। वह अपने पति के खाने-पीने और फैमिली का खयाल रखती है। एक प्रॉपर हिंदुस्तानी औरत के उसमें सारे गुण हैं, लेकिन एक मोड़ ऐसा आता है कि जिसे भुलाना चाहती है, वही उसके सामने आती है। नीलम के किरदार को जीवंत करना किस तरह से चुनौतीपूर्ण रहा? मुझे पहले से पता है कि जितना चौलेंज हो, उतना मेरे लिए अच्छा है। काम जितना चौलेंज होता है, उतना ही बेस्ट निकलकर आता है। मुझे पता था कि यह मेरे पास आ रहा है, तब मेरे अंदर से टिगर कर करके सारी चीजें बाहर निकालेगा। मैं हमेशा डिफिकल्ट चीजें ही चूज करती हूं, यह मेरी आदत में शुमार है। आप एक सीन में फूट-फूट कर रो रही हैं। वह रेफरेंस प्वाइंट कहां से लाईं? वह रेफरेंस प्वाइंट अपने पापा के डेथ से निकाला। बहुत फूट-फूट कर रोई थी। पापा के जाने पर ऐसा फील हुआ कि मेरी सारी दुनिया खत्म हो गई। यही बात 'चेकमेट' के सीन में भी है कि मेरा पति मुझे मारना चाहता है। मैं खुद को नहीं जानती। खैर, यह रेफरेंस अपनी रियल लाइफसे लिया था, क्योंकि उस समय लगा था कि अब क्या करूं, अब अकेली हूं। 'चेकमेट' की शूटिंग के दौरान का कोई रोचक वाक्या बताइए? 'चेकमेट' की शूटिंग के दौरान मैं बहुत दर्द में थी। मैं अपना यग फ्रीजिंग करवा रही थी। मुझे इंजेक्शन लग रहे थे। मेरा पूरा शरीर सूजा हुआ था। मेरे इमोशन बहुत ऊपर-नीचे हो रहे थे, क्योंकि हार्मोन चेंज हो रहा था। बॉडी में आइस पैड लगा-लगाकर सूजन कम करती थी। इतना दर्द होता था कि मैं उठ-बैठ नहीं पा रही थी। लेकिन उस हालत में भी रनिंग सीक्वेंस किया।

इसमें प्रोडक्शन हाउस ने बड़ा साथ दिया। मेरे डॉक्टर को लेकर आते थे। समय-समय पर इंजेक्शन दिलवाते थे। मेरे चेकअप्स के लिए समय से छोड़ देते थे। उन्होंने बहुत अर्जेस्ट किया। मैं बहुत फिजिकल पेन में थी। इसके अलावा इमोशनल भी हुई हूं, क्योंकि मेरा हार्मोन पूरा ऊपर-नीचे जा चुका था। यग फ्रीज करवाने के पीछे का कोई खास मकसद है? क्योंकि मैंने अभी तक शादी नहीं किया है। मम्मी पीछे पड़ी है कि शादी कब करेगी। बच्चे कब बनाएगी। अभी करियर अच्छा चल रहा है। करियर से ही तो पैसे आते हैं। हमारा खाना-पीना वहीं से चल रहा है। शादी के लिए लाइफमें एक अच्छा इंसान चाहिए, जो आपको समझे। जब तक इंडिपेंडेंट हों, तब तक अपने आपको सिक्योर करना जरूरी है, आपके फाइनेंस, आपके अंडे, आपकी फैमिली। हर एक चीज में सिक्योरिटी करना जरूरी होता है, इसलिए मैंने यग फ्रीज करवाया। फिर शादी को लेकर क्या विचार है? शादी करनी है। शादी उसी से करनी है, जो एक अच्छा इंसान हो। अच्छा इंसान का मतलब जो एक-दूसरे को समझे। जो साथ में जीवन को चलाना चाहे, न कि तुमने शादी कर ली तो तुम यह देखो मैं यह देखूंगा। ऐसा नहीं। पति-पत्नी का इक्वल रिश्ता होता है। बच्चे की तरफ, खाने-पीने और घर चलाने में इक्वल हाथ होता है। तभी एक फीमेल और एक मेल एनर्जी साथ में आकर काफी कुछ कर सकती है। वैसे तो बिना शादी किए बच्चे कर सकती हूं, पर मुझे पति चाहिए, बच्चे चाहिए, सब कुछ नॉर्मली चाहिए। 'बिग बॉस' में यूनिक लोग जाते हैं। आप खुद में क्या यूनिक बात पाती हैं? मैं खुद को एक भेड़िया कहती हूं, क्योंकि लोगों के भीतर तक झांक सकती हूं। मैं कोई बात तब बोलती हूं, जब बहुत सारे एफिशिएंसेस होते हैं, बहुत सारी ऑब्जर्वेशन, एनालिसिस होती है। 'बिग बॉस' में दो सप्ताह लड़ी नहीं या फिर चीजों को लेकर लोगों पर बर्बली हमला नहीं किया, इसलिए बाहर आई। मेरे पास बोलने के लिए काफी सारी चीजें हैं, जिसका लोगों के पास कोई रिवर्स आंसर नहीं है। अनफॉर्च्युनिटली, मैं नॉमिनेट थी और एलिमिनेट हो गई। यह मेरी यूनीकनेस है, जहां पर लोगों को धीरे-धीरे पढ़ सकती हूं। वह चीज लोग देख नहीं पाए। मैं चीजों को बहुत इंटेलिजेंटली हैंडिल करती हूं। बहुत यूनिक ट्राई और अलग वे में करती हूं, क्योंकि मेरी जो सोच है, जिस तरह से लाइफ को जीती हूं, वह बाकी लोगों से काफी अलग है। आप बड़ी सकारात्मक सोच की हैं। इसका मंत्र युवाओं को भी बताइए, जिनके जीवन में थोड़ा ऊपर-नीचे होता है, तब डिप्रेस्ड हो जाते हैं! देखिए, हर इंसान अपनी जगह स्पेशल है। हर इंसान यूनिक है। भले ही वह एक ही पारलौकिक चेतना से आते हैं। लेकिन आपकी लाइफजर्नी, आपका फेस, नेचर, बिहेवियर, अपब्रिंगिंग, आपके पेरेंट्स हर चीज अलग हैं। फिर आप एक-दूसरे से क्यों कंप्लीट कर रहे हो। आपको कंप्लीट खुद से करना है कि आप कैसे और बेहतर कर सकते हो। आपको रिजेक्शन मिल रहा है, तब शायद आप रेडी नहीं होंगे। आप अपने गेम को और हाई करते रहो न!

रोजाना नई चीजें सीखो। इससे आप में एक कांफिडेंस आएगा, जोश आएगा, एक चमक आएगी। वही स्टार वाली चमक आप में दिखने लगेगी और लोग आपको अप्रोच करेंगे। यह टाइम-टाइम की बात होती है। चलते-चलते अपकमिंग प्रोजेक्ट में बताइए कि कौन-से आने वाले हैं? एक बहुत पॉपुलर सीरीज का सीजन-2 आ रहा है। इसमें फेमस एक्टर की वाइफका रोल प्ले कर रही हूं।




बाप-बेटे के रिश्ते पर आधारित फिल्म रिलीज हो रही है- वनवास। इसका डायरेक्शन अनिल शर्मा ने किया है। अनिल ने ही पिछले साल गदर-2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म बनाई थी। फिल्म वनवास में नाना पाटेकर और अनिल के बेटे एक्टर उत्कर्ष शर्मा लीड रोल में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले नाना पाटेकर ने दैनिक भास्कर से खास बातचीत की है। बातचीत के दौरान नाना पाटेकर थोड़े भावुक नजर आए। उन्होंने पिता से अपने रिश्ते पर बात की। नाना ने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में इतने पैसे कमाए, लेकिन पिता की मदद नहीं कर पाए। ऐसा इसलिए क्योंकि सफल होने के पहले ही उनके पिता गुजर गए थे। नाना पाटेकर के साथ पूरी बातचीत पढ़िए.. सवाल- नाना, आपके लिए फिल्म वनवास क्या है, थोड़ा समझाइए? जवाब- बहुत दिनों बाद एक ऐसा कैरेक्टर मिला, ऐसी फिल्म मिली, जिसमें समाज की विसंगतियों पर बात हुई। आज सबसे बड़ी विडंबना है कि बच्चों के पास अपने मां-बाप के पास बैठने का टाइम नहीं है। आज किसी से पूछो कि पिता को स्पर्श किए कितने दिन हुए तो वह नहीं बता पाएगा। माता-पिता को अपने बच्चों से ज्यादा कुछ नहीं चाहिए।

बस इतना होना चाहिए कि बच्चे समय-समय पर उन्हें पूछते रहें। एक बात याद रखना, मां-बाप पारस पत्थर की तरह होते हैं, वे छू लें तो हम सोना भी बन सकते हैं। सवाल- जैसे कि फिल्म बाप-बेटे के रिलेशनशिप पर बेस्ड है। नाना, पिता के साथ आपके रिश्ते कैसे रहे? जवाब- मुझे हमेशा यह लगा कि पिता मेरे दो भाइयों को मुझसे ज्यादा प्यार करते थे। हालांकि, यह बस मेरा भ्रम था। उनके गुजरने के कुछ साल पहले हम काफी अच्छे दोस्त बन गए थे। मुझे इस बात का गहरा दुख है कि अपनी कमाई से पिता के लिए कुछ नहीं कर पाया। उनका निधन भी एक म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के अस्पताल में हुआ था। उस वक्त उनकी दवाई के लिए भी मेरे पास पैसे नहीं थे। मेरे दोस्तों ने उस वक्त मेरी काफी मदद की। उन्होंने ही मुझे दवा के पैसे दिए थे। सवाल- नाना, जैसे आपकी पिछली फिल्मों पर लोगों ने प्यार बरसाया है, क्या वनवास को भी उतना ही प्यार मिलेगा? जवाब- बिल्कुल, मिलेगा। लोगों को पता है कि मैं किस टाइप की फिल्में करता हूं। लोगों को मेरे काम पर भरोसा है। इसका एक उदाहरण देता हूं। मैं 'नाम फाउंडेशन' नाम से एक छळव् चलाता हूं।एक बार फाउंडेशन के काम के सिलसिले में एक गांव गया था। वहां एक बुजुर्ग महिला मुझसे मिली। उसने मुझे 50 रुपए दिए। उसने कहा कि मुझे पता है कि तुम कभी खराब काम नहीं करोगे, इसलिए मेरी तरफसे भी छोटी मदद ले लो। उस महिला को पता था कि उसके दिए पैसे सही जगह ही खर्च होंगे। वो 50 रुपए मेरे लिए 50 करोड़ के बराबर थे। आप यकीन नहीं करेंगे, दो महीने में नाम फाउंडेशन को 60 करोड़ डोनेशन मिले थे। यह लोगों का मेरे प्रति विश्वास नहीं तो और क्या है? सवाल- शूटिंग के दौरान कुछ मजेदार किस्से हों तो बताइए? जवाब- हम लोगों ने बनारस और शिमला में शूट किया। क्रू मेंबर्स मेरे से बहुत डांट सुनते थे। हालांकि, मैं उन्हें खाने भी बनाकर खिलाता था। तकरीबन 200 क्रू मेंबर्स सेट पर रहते थे, सबके लिए मैं ही खाना बनाता था। मुझे लगता है कि खाना खिलाना भी एक पुण्य का काम है। हमारी माताएं सदियों से ऐसा करती आई हैं, हालांकि हम उनके प्रति बिल्कुल आभारी नहीं होते। हम सोचते हैं कि खाना बनाना तो उनका काम है। ऐसा नहीं होना चाहिए। हमें जरूर उनके काम और मेहनत के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए। नाना के अलावा उत्कर्ष शर्मा भी लीड रोल में हैं। उत्कर्ष गदर और गदर-2 में दिख चुके हैं। सवाल- नाना जी, आप हिंदी सिनेमा में पहले और अब में क्या बदलाव देखते हैं? जवाब- कमर्शियल सिनेमा बहुत बदल गया है। पहले की फिल्मों में भी वायलेंस था, लेकिन अब कुछ ज्यादा ही हो गया है। मैं ऐसी फिल्मों का नाम नहीं लूंगा। हालांकि, मुझे यह देखकर चिंता बहुत होती है कि आज कल की फिल्मों के जरिए हम क्या दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। आज की जेनरेशन ऐसी फिल्मों को खूब एन्जॉय करती है, इसी वजह से इनका कलेक्शन भी खूब होता है। आज समाज पहले से कहीं ज्यादा बदल चुका है। ऊपर से ऐसी फिल्में आएंगी तो माहौल कहीं न कहीं और ज्यादा खराब होगा। मुझे लगता है कि सिनेमा सिर्फ एंटरटेनमेंट का माध्यम नहीं होना चाहिए। सिनेमा के जरिए लोगों को सही संदेश देना बहुत अहम है। सवाल- अंत में, जो आपकी फिल्म वनवास देखने जाएंगे, उनके लिए क्या कहेंगे? जवाब- ऑडियंस छोड़िए, मैं आपको भी कहता हूं कि अगर आपने यह फिल्म देख ली, तो दो-तीन बार और देखेंगे। फिल्म देखने के बाद आप मुझे मैसेज करेंगे। यहां तक कि लोग फिल्म के डायरेक्टर अनिल शर्मा से सवाल कर-करके परेशान कर देंगे कि उन्होंने ऐसी फिल्म कैसे बना ली। साथ ही इस फिल्म के बाद इंडस्ट्री को उत्कर्ष शर्मा के रूप में नया स्टार मिलेगा।

## प्रेग्नेंट हैं सोनाक्षी सिन्हा?



सोनाक्षी सिन्हा की प्रेग्नेंसी को लेकर अफवाहें आईं थीं. अब सोनाक्षी सिन्हा ने इन खबरों पर रिएक्ट किया है. जहीर इकबाल संग शादी के 6 महीने में प्रेग्नेंट हैं सोनाक्षी सिन्हा? एक्ट्रेस बोलीं- मैं ये बताना चाहती हूं...एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा जहीर इकबाल के साथ अपनी मैरिड लाइफएंजॉय कर रही हैं. हाल ही में सोनाक्षी ने फैमिली के साथ जहीर का बर्थडे सेलिब्रेट किया था. सोनाक्षी और जहीर की 23 जून को शादी हुई थी. शादी के बाद से कई बार सोनाक्षी की प्रेग्नेंसी को लेकर अफवाहें भी सामने आ चुकी हैं. अब एक्ट्रेस ने प्रेग्नेंसी की खबरों पर रिएक्ट किया है. प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर सोनाक्षी सिन्हा ने किया रिएक्ट कर्ली टेल्स से बातचीत में सोनाक्षी ने थोड़े मजाकिया अंदाज में कहा- शमैं कहना चाहती हूं कि मैं प्रेग्नेंट नहीं हूं. मैं बस मोटी हो चुकी हूं.श् सोनाक्षी ने बताया कि कैसे किसी ने इसे लेकर जहीर को एक बार बधाई भी दे दी थी. कपल ने इसे हंसी में उड़ा दिया था. सोनाक्षी ने कहा कि शादी के बाद से वो ट्रैवलिंग और लंच-डिनर अटेंड करने में इतने बिजी है कि उनके पास किसी और चीज पर फोकस करने के लिए समय ही नहीं है. सोनाक्षी सिन्हा-जहीर इकबाल का हनीमून बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा शादी के बाद से 4 बार हनीमून पर जा चुकी हैं. वो जहीर के साथ खूबसूरत पल बिता रही हैं और लाइफटाइम के लिए मोमेंट क्रिएट कर रही हैं. जहीर और सोनाक्षी साथ में बहुत खुश हैं. दोनों इंस्टाग्राम पर भी फोटोज और वीडियो शेयर करते रहते हैं. जहीर के प्रैंक भी वायरल रहते हैं. सोनाक्षी और उनकी फैमिली ने जहीर के बर्थडे को भी खास बना दिया था. जहीर इकबाल ने 10 दिसंबर को बर्थडे सेलिब्रेट किया था. इस सेलिब्रेशन में शत्रुघ्न सिन्हा, पूनम सिन्हा और रेखा भी शामिल हुए थे. जहीर ने सोनाक्षी और शत्रुघ्न को अपने हाथों से केक खिलाया था. सभी काफी खुश और एक्साइटेड दिखे थे.

## इस साल इन खिलाड़ियों को मिला टीम इंडिया के लिए डेब्यू का मौका



साल 2024 अपनी समाप्ती की ओर बढ़ रहा है, अब बस कुछ ही दिन शेष हैं ये साल खत्म होने में। टीम इंडिया के लिए सबसे छोटे क्रिकेट फॉर्मेट में ये साल बेहद ही अच्छा रहा। टी20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की थी। टेस्ट में भारत का प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज हारने के बाद घरेलू सरजमीं पर भी प्रदर्शन में गिरावट आई। वहीं ये साल कई युवा खिलाड़ियों के लिए भी बेहद खास रहा। कई खिलाड़ियों का सपना पूरा हुआ, जी हां देश के लिए खेलने का सपना। टीम इंडिया के लिए डेब्यू करने वाले कुल पांच खिलाड़ीं इस प्रकार हैं। सरफराज खान इंग्लैंड के भारत दौरे के समय सरफराज खान ने टेस्ट डेब्यू किया था। राजकोट में उन्होंने अपना डेब्यू किया था और आते ही धमाका मचाया था। सरफराज खान ने बेहतरीन बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अर्धशतक जड़ा। अभी तक वो भारत के लिए 6 टेस्ट खेल चुके हैं। ध्रुव जुरेल विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को भी इंग्लैंड के खिलाफटेस्ट कैप मिली थी। ध्रुव जुरेल ने राजकोट में डेब्यू किया था और 46 रनों की पारी भी खेली। इसके बाद उन्होंने टी20 में भी भारत के लिए डेब्यू किया। रियान पराग आईपीएल से चर्चा में आए रियान पराग को इस साल देश के लिए खेलने का मौका मिल ही गया। भारत के लिए पराग ने सफेद गेंद क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ डेब्यू किया था। टी20 क्रिकेट में उनका डेब्यू जिम्बाब्वे के खिलाफदेखने को मिला इस दौरान उन्होंने अपनी गेंदबाजी से भी प्रभावित किया। मयंक यादव बांग्लादेश के खिलाफघरेलू टी20 सीरीज में मयंक यादव ने डेब्यू किया था और अपनी गति से बल्लेबाजों को परेशान करने में कमी नहीं छोड़ी। उनके नाम 3 टी20 मैचों में कुल 4 विकेट झटके। हर्षित राणा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हर्षित राणा ने डेब्यू किया था। उन्होंने अब तक टेस्ट क्रिकेट में दो मुकाबले खेले हैं और 4 विकेट अपने नाम किए हैं। हर्षित राणा ने पहला विदेश दौरान होने के बाद भी बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन किया।

# मेरे लिए संन्यास सुकून का पल

### चेन्नई लौटे आर अश्विन का बयान, ढोल-नगाड़ों और तालियों के साथ हुआ स्वागत




**चेन्नई।** सभी ने अश्विन के लिए तालियां बजाईं और उन पर फूलों का बारिश की गई। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें माला पहनाई। अश्विन के पिता रविचंद्रन ने उन्हें गले लगाया। भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद चेन्नई लौट चुके हैं। गुरुवार को अश्विन के आवास पर उनका जोरदार स्वागत हुआ। जैसे ही अश्विन की कार उनके घर के गेट के पास आकर रुकी, ढोल-नगाड़ों और तालियों से उनका स्वागत हुआ। अश्विन के साथ उनकी पत्नी प्रीति और दोनों बेटियां भी रहीं।

अश्विन के आवास पर उनके माता पिता के अलावा कई और लोग मौजूद रहे। सभी ने अश्विन के लिए तालियां बजाईं और उन पर फूलों का बारिश की गई। वहां मौजूद लोगों ने उन्हें माला पहनाई। अश्विन के पिता रविचंद्रन ने उन्हें गले लगाया, जबकि मां भावुक दिखीं। रविचंद्रन ने बेटे का माथा भी चूमा। इस दौरान दोनों भावुक नजर आ रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संन्यास कई लोगों के लिए भावुक कर देने वाला पल होता है, लेकिन उनके लिए यह सुकून के पल हैं। अश्विन बिना किसी शोर शराबे के स्वदेश लौट आए। चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के स्थानीय अधिकारी अश्विन को बाहर लेकर आए। इस बीच प्रशंसकों ने उनकी तस्वीरें ली, लेकिन उन्होंने हवाई अड्डे पर मीडियाकर्मियों से कोई बात नहीं की। अश्विन ने क्या कहा? घर पहुंचने पर अश्विन ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा- मैं आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलने जा रहा हूं। और इसमें हैरानी नहीं होनी चाहिए अगर में लंबे समय तक खेलने की कोशिश करता हूं और इस टीम के लिए खेलने की इच्छा रखता हूं। मुझे भी आश्चर्य नहीं होगा। मुझे नहीं लगता कि अश्विन एक क्रिकेटर के तौर पर खत्म हो गया है। मुझे लगता है कि अश्विन ने भारतीय क्रिकेटर के तौर पर जरूर अपना काम खत्म कर लिया है। बस इतना ही कहना है।श् जब उनसे पूछा गया कि क्या संन्यास लेना एक कठिन फैसला था, तो उन्होंने कहा, श्ऐसा नहीं है। यह बहुत से लोगों के लिए भावनात्मक है। यह भावनात्मक होगा, शायद यह पल भी बीत जाएगा। लेकिन मेरे लिए, यह राहत की एक सुकून और संतुष्टि का पल है। यह कुछ समय से मेरे दिमाग में चल रहा था, लेकिन संन्यास का एलान करना बहुत सहज था। मैंने इसे गाबा टेस्ट के चौथे दिन महसूस किया और पांचवें दिन इसका एलान कर दिया।श् अश्विन का रिकॉर्ड अश्विन ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफब्रिस्बेन में बारिश से प्रभावित तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ छूटने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के घोषणा करके सभी को चौंका दिया था। अश्विन ने भारत के लिए 116 एकदिवसीय मैच खेले, जिसमें उन्होंने 156 विकेट लिए, जबकि 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 72 विकेट हासिल किए। अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने करियर की शुरुआत 2010 में एक दिवसीय प्रारूप से की थी। इसके एक साल बाद उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया था। अश्विन के नाम टेस्ट में 537 विकेट हैं और ऐसा माना जा रहा था कि वह कुछ वर्षों में अनिल कुंबले के 619 टेस्ट विकेट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ देंगे। हालांकि, अब ऐसा नहीं हो सकेगा। अश्विन ने 15 साल के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में कई रिकॉर्ड बनाए। वह महान स्पिनरों में गिने जाते हैं। मौजूदा समय में नाथन लियोन के साथ वह दुनिया के शीर्ष स्पिन गेंदबाज रहे। अश्विन के नाम टेस्ट में 37 फाइव विकेट हॉल है, जो कि किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे ज्यादा है। उनके बाद कुंबले का नंबर आता है। कुंबले ने टेस्ट में 35 बार पारी में पांच विकेट लिए थे। ओवरऑल सबसे ज्यादा पारी में पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम है। उन्होंने 67 बार ऐसा किया था। अश्विन शेन वॉर्न के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं। अश्विन टेस्ट में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने टेस्ट में 11 बार प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीता है। इस मामले में वह मुरलीधरन की बराबरी पर हैं। अश्विन 2011 में वनडे विश्व कप और 2013 में चौंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे। हालांकि, इसके बाद वह कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत सके। एक ऐसे समय में जब अश्विन अपने करियर के चरम पर थे, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया। यह एक ऐसा फैसला है, जिसके पीछे की वजह शायद खुद अश्विन ही बता पाएं। टेस्ट में 537 विकेट, 37 फाइफर्स, 11 प्लेयर ऑफद सीरीज अवॉर्ड्स, छह टेस्ट शतक, 14 अर्धशतक...ऐसा कौन सा रिकॉर्ड है जिससे अश्विन पीछे रहे, लेकिन उन्होंने इससे दूर जाने का फैसला लिया। वह शुरू में एक बल्लेबाज थे, जो कि आगे चलकर एक महान स्पिनर बना। वह आमतौर पर ऑफस्पिन गेंदबाजी करते थे, लेकिन उनकी कैरम बॉल ने दुनिया में तहलका मचा दिया था। हालांकि, उनके श्रिटायरमेंट का समयश् एक ऐसी अनसुलझी गेंद है, जिसका किसी के पास कोई जवाब नहीं है। परिवार और दोस्त भी इस फैसले से हैरान थे उनके परिवार ने यह फैसला आते हुए देखा था, लेकिन वे भी अचानक इसके एलान से आश्चर्यचकित थे। वे भी यह नहीं समझ पाए कि अश्विन ने ऐसा सीरीज के बीच में ही क्यों किया? रामकृष्णापुरम फर्स्ट स्ट्रीट में उनके दोस्त, जिन्हें अश्विन ने अपने संन्यास के एलान के समय में धन्यवाद दिया, वे भी सोच रहे थे आखिर ये क्या हो रहा है। उनमें से एक ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा- पिछले कुछ समय से वह काफी परेशान रह रहे हैं। यहां तक कि जब हमने उनके मूड को ठीक करने की कोशिश की, तो भी वह जवाब नहीं दे रहे थे। हम जानते थे कि संन्यास आने वाला है, लेकिन अभी नहीं। टीम के अंदर कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच गौतम गंभीर को छोड़कर, यह निर्णय बाकी लोगों के लिए एक झटका था। विराट कोहली का ड्रेसिंग रूम में उन्हें गले लगाना, जिसे ब्रॉडकास्टर्स ने बार बार अपने चौनल पर दिखाया, उससे लग रहा था कि बाकी लोगों को ब्रिस्बेन टेस्ट के अंत में ही पता चला कि अश्विन संन्यास लेने जा रहे हैं। अब यह सवाल उठता है कि क्यों? खासकर जब सीरीज इतने अहम मोड़ पर है और अगले दो टेस्ट मेलबर्न और सिडनी में भारत दो स्पिनरों के साथ भी खेल सकता है, तो अश्विन ने संन्यास का फैसला क्यों किया? आइए जानते हैं... इस फैसले से कई लोग हैरान थे, लेकिन अश्विन लंबे समय से संन्यास पर विचार कर रहे थे। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, 2023 में भारत में हुई चार मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से ही अश्विन इस पर विचार कर रहे थे। वह अपने घुटने से परेशान थे। इसी के बाद से उन्हें सबसे पहली बार संन्यास का विचार आया था। उनके करीबी लोगों का कहना है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना होने से पहले भी वह दुविधा में थे, लेकिन खुद को वह एक आखिरी मौका देना चाहते थे क्योंकि ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद अगले साल जून से पहले कोई टेस्ट सीरीज नहीं है। इसलिए एक बार जब वह पर्थ के लिए फ्लाइट में बैठे, तो उनके परिवार और दोस्तों को उम्मीद थी कि वह सीरीज खत्म कर ही वापस लौटेंगे। अश्विन के पिता रविचंद्रन ने तो बॉक्सिंग डे टेस्ट के लिए और नए साल के सिडनी टेस्ट को देखने के लिए फ्लाइट टिकट भी बुक करा लिए थे।

# बारिश ने बिगाड़ा खेल, गाबा में 12 साल बाद ड्रॉ हुआ कोई टेस्ट, भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज 1-1 से बराबर



**बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024/25 में अब तक**

| टेस्ट | स्थान | परिणाम |
|---|---|---|
| पहला टेस्ट | पर्थ | भारत 295 रन से जीता |
| दूसरा टेस्ट | एडिलेड | ऑस्ट्रेलिया 10 विकेट से जीता |
| तीसरा टेस्ट | ब्रिस्बेन | ड्रॉ |
| चौथा टेस्ट | मेलबर्न | 26 दिसंबर से |
| पांचवां टेस्ट | सिडनी | 3 जनवरी 2025 से |

**ब्रिस्बेन।** ब्रिस्बेन में नवंबर 2012 के बाद यह पहली बार है जब कोई टेस्ट ड्रॉ हुआ है। इससे पहले नवंबर 2012 में ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया टेस्ट ड्रॉ रहा था। उसके और इस टेस्ट मैच के बीच 11 टेस्ट हुए और हार-जीत में सभी के नतीजे निकले। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सामने 275 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में भारत ने अपनी दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए आठ रन बना लिए थे। हालांकि, इसके बाद बारिश ने आगे का खेल नहीं होने दिया और दोनों कप्तानों ने मैच को ड्रॉ पर समाप्त करने का फैसला लिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए थे। जवाब में भारत की पहली पारी 260 रन पर समाप्त हुई। ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 185 रन की बढ़त हासिल थी। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट गंवाकर 89 रन बनाए थे और उनकी कुल बढ़त 274 रन की हुई थी। यह पूरा मैच बारिश से बाधित रहा और बारिश ने पूरा खेल बिगाड़ दिया। पहले दिन केवल 13.2 ओवर का खेल हो पाया था। दूसरे दिन को छोड़ दें तो बाकी चार दिन बारिश ने खलल डाला। ब्रिस्बेन में नवंबर 2012 के बाद यह पहली बार है जब कोई टेस्ट ड्रॉ हुआ है। इससे पहले नवंबर 2012 में ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला गया टेस्ट ड्रॉ रहा था। उसके और इस टेस्ट मैच के बीच 11 टेस्ट हुए और हार-जीत में सभी के नतीजे निकले। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर है। चौथा टेस्ट 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा। इसे बॉक्सिंग डे टेस्ट भी कहा जाता है। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी जब ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए आई तो वह रन बनाने की हड़बड़ाहट में दिखे। ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही थी। टीम ने 33 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे। बुमराह ने उस्मान ख्वाजा (8) और मार्नस लाबुशेन (1) को आउट किया। इसके बाद आकाश दीप ने नाथन मैकस्वीनी (4) और मिचेल मार्श (2) को आउट किया। सिराज ने स्टीव स्मिथ (4) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की आधी टीम पवेलियन भेज दी। ट्रेविस हेड और एलेक्स कैरी ने छठे विकेट के लिए 27 रन की साझेदारी की। हेड को सिराज ने विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। वह 17 रन बना सके। 85 पर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका कमिंस के रूप में लगा और 89 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया की ओर पारी घोषित की गई। कैरी 20 रन बनाकर नाबाद रहे। स्टार्क दो रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से बुमराह ने तीन विकेट लिए। वहीं, सिराज और आकाश को दो-दो विकेट मिले। भारत की पहली पारी भारत ने बुधवार को नौ विकेट पर 252 रन से आगे खेलना शुरू किया और सुबह 260 रन पर पूरी टीम सिमट गई। आकाश दीप 31 रन बनाकर आउट हुए थे। इसके बाद बारिश की वजह से करीब दो घंटे खेल बाधित रहा। भारतीय टीम ने मंगलवार को ही फॉलोऑन बचा लिया था। 246 रन बनाते ही भारतीय टीम फॉलोऑन खेलने से बच गई थी। यशस्वी चार रन, गिल एक रन, विराट तीन रन और पंत नौ रन बनाकर आउट हुए थे। रोहित 10 रन बनाकर कमिंस का शिकार बने। इसके बाद राहुल ने जडेजा के साथ 67 रन की साझेदारी निभाई। राहुल शतक से चूक गए और 139 गेंद में आठ चौके की मदद से 84 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नीतीश रेड्डी और रवींद्र जडेजा ने सातवें विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी निभाई।

## अनिल कुंबले के इस खास क्लब में शामिल हुए रविचंद्रन अश्विन, बनाए ये सबसे बड़े रिकॉर्ड



**आर अश्विन ने गाबा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने बुधवार को अपने 14 साल के करियर पर विराम लगा दिया है। अश्विन देश के दिग्गज गेंदबाजों में से एक हैं। बिशन बेदी, ई प्रसन्ना, एस चंद्रशेखर, वेंकटराघवन और अनिल कुंबले जैसे दिग्गजों में अश्विन की गिनती होती है।**

भारतीय स्टार स्पिनर आर अश्विन ने गाबा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने बुधवार को अपने 14 साल के करियर पर विराम लगा दिया है। अश्विन देश के दिग्गज गेंदबाजों में से एक हैं। बिशन बेदी, ई प्रसन्ना, एस चंद्रशेखर, वेंकटराघवन और अनिल कुंबले जैसे दिग्गजों में अश्विन की गिनती होती है। उन्होंने अपने करियर में कई बड़ी रिकॉर्ड कायम किए और वह देश के सबसे कामयाब स्पिनर्स में शामिल हो गए। भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने दूसरे गेंदबाज अश्विन ने अपने टेस्ट करियर में 537 विकेट झटके हैं। टेस्ट फॉर्मेट में वह सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय हैं। इस लिस्ट में पहले स्थान पर अनिल कुंबले हैं। कुंबले ने 619 विकेट अपने नाम किए हैं। अश्विन ने कुछ समय पहले ये कहा था कि उनकी नजर किसी के रिकॉर्ड पर नहीं है और वह जब महसूस करेंगे कि वह सुधार नहीं कर पा रहे हैं तो रिटायरमेंट ले लेंगे। सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफद सीरीज अवॉर्ड वहीं अश्विन एक पारी में सबसे ज्यादा बार पांच विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज है। उन्होंने 37 बार ये कारनामा किया है। साथ ही अश्विन टेस्ट में सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ी हैं। अश्विन ने 11 बार ऐसा किया है। वह इस मामले में श्रीलंकाई स्पिनर मुथैया मुरलीधरन की बराबरी पर हैं। पांच विकेट हॉल लेने वाले खिलाड़ी अश्विन ने चार बार एक ही मैच में शतक और पांच विकेट हॉल लिया है। उन्होंने सबसे पहले साल 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था। इसके बाद उन्होंने 2016 में वेस्टइंडीज, 2022 में इंग्लैंड और साल 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ ये काम किया। जबकि अश्विन ने टेस्ट क्रिकेय में सबससे तेज 350 विकेट पूरा किया।

## हॉकी इंडिया ने राउरकेला और रांची में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश देने की घोषणा की

**नयी दिल्ली** । हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग के राउरकेला और रांची में होने वाले पुरुष और महिला मुकाबलों के लिए दर्शकों को स्टेडियम में मुफ्त प्रवेश देने की मंगलवार को घोषणा की। आठ टीम वाली पुरुषों की हॉकी इंडिया लीग नए प्रारूप में 28 दिसंबर से राउरकेला के बिरसा मुंडा स्टेडियम में खेली जाएगी और एक फरवरी 2025 को संपन्न होगी। महिलाओं की लीग में चार टीम होंगी और यह 12 से 26 जनवरी तक रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रो टर्फपर खेली जाएगी। हॉकी इंडिया ने साथ ही कहा कि लीग की पहुंचाने को बढ़ाने के लिए पुरुष और महिला वर्ग के कुछ चुनिंदा मैच एक-दूसरे के स्थलों पर आयोजित किए जाएंगे। हॉकी इंडिया ने विज्ञप्ति में कहा,''टिकट बिक्री से होने वाली आय को छोड़कर हॉकी इंडिया का लक्ष्य खेल और इसके उत्साही समर्थकों के बीच एक मजबूत संबंध बनाना है जिससे अधिक से अधिक लोगों को मैदान पर हॉकी के रोमांच का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।'' हॉकी इंडिया लीग की संचालन समिति के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, ''नि:शुल्क टिकट प्रदान करके हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि वित्तीय स्थिति की परवाह किए बिना सभी को मैदान पर सर्वश्रेष्ठ हॉकी का अनुभव करने का अवसर मिले।

## गाबा टेस्ट के बाद रवघ्चिंद्रन अश्वघ्नि ने किया ऐलान, इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास

भारतीय टीम के दिग्गज ऑफस्पिनर रवघ्चिंद्रन अश्वघ्नि ने इंटरनेशनल क्रिकेट से से संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। गाबा टेस्ट मैच के ड्रॉ होने के बाद रवघ्चिंद्रन अश्वघ्नि ने क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले के बारे में जानकारी दी है। रवघ्चिंद्रन अश्वघ्नि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी पिंक बॉल टेस्ट का हिस्सा थे। उन्हें पर्थ और ब्रिस्बेन में खेलने का मौका नहीं मिला था। बता दें कि पांचवें दिन के मैच के बाद, खेल रुकने पर भारतीय टीम के सदस्य ड्रेसिंग रूम में मौजूद थे। इस दौरान का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें अश्विन विराट कोहली को गले लगाते दिख रहे है। इस वीडियो के आने के बाद चर्चा होने लगी कि अश्विन संन्यास ले सकते है। हालांकि मैच के बाद अश्विन ने टीम इंडघ्यिा के हेड कोच गौतम गंभीर के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में आकर संन्यास का ऐलान किया। बता दें कि 38 वर्षीय अश्विन ने करियर में 106 टेस्ट मैच खेले है। इस दौरान उन्होंने 537 विकेट चटके है। इसमें उनके पास 37 बार पांच विकेट हॉल लेने का ऐलान भी है।

## विजय हजारे ट्रॉफी से ड्रॉप होने पर टूट गए पृथ्वी शॉ, सोशल मीडिया पर अपना दुख व्यक्त किया

इन दिनों पृथ्वी शॉ पर दुखों का पहाड़ टूटा है। टीम इंडिया से बाहर होने का दुख खत्म नहीं हुआ था कि आईपीएल, रणजी और अब घरेलू टूर्नामेंट्स से भी उनका पत्ता साफहोने लगा है। मुंबई ने विजय हजारे ट्रॉफी के शुरुआती तीन मैच के लिए 17 सदस्यीय टीम का ऐलान किया, जिसमें उनका नाम नहीं है। ये देखने के बाद पृथ्वी शघ् पूरी तरह टूट गए और उन्होंने अपना दुख सोशल मीडिया पर सभी के सामने रख दिया है। पिछले महीने हुए आईपीएल 2025 ऑक्शन में पृथ्वी शॉ को कोई खरीददार नहीं मिला। कभी करोड़ों में बिकने वाले शॉ पर किसी ने भी दिलचस्पी नहीं दिखाई। इससे पहले रणजी ट्रॉफी में फिटनेस के चलते बाहर होने का झटका उन्हें मिल चुका था। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी शॉ बदकिस्मती से एक भी फिफ्टी ठोकने में कामयाब नहीं हुए। जिसके चलते अब मुंबई टीम ने उनसे मुंह फेरा और विजय हजारे ट्रॉफी से ड्रॉ किया। पृथ्वी ने इंस्टाग्राम स्टोर पर अपना दुख बताते हुए आंकड़े भी गिना दिए हैं। बता दें कि, पृथ्वी शॉ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा कि, मुझे बताओ, भगवान, मुझे और क्या देखना है... अगर 65 पारियां, 55.7 की औसत और 126 की स्ट्राइक रेट के साथ 3,399 रन काफी नहीं हैं। लेकिन मैं आप पर अपना विश्वास बनाए रखूंगा। उम्मीद है कि लोग अभी भी मुझ पर विश्वास करेंगे। क्योंकि मैं निश्चित रूप से वापसी करूंगा। ओम साई राम।

## सिमरन शेख की ये ख्वाहिश विराट कोहली करेंगे पूरी!

हाल ही में महिला प्रीमियर लीग 2025 ऑक्शन खत्म हुआ। इस नीलामी में सिमरन शेख को सबसे महंगी खिलाड़ी को तौर पर बिकीं। सिमरन को गुजरात जायंट्स ने 1.9 करोड़ रुपये में खरीदा। उनका बेस प्राइस 30 लाख रुपये था। मुंबई में जन्मी सिमरन ने धारावी की झुग्गियों में रहते हुए बेहद मुश्किल वक्त देखआ है। उन्हें लोगों के ताने बर्दाश्त करने पड़े हैं। वहीं 22 वर्षीय इस खिलाड़ी का एक ख्वाब है, जो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पूरा कर सकते हैं। दरअसल, सिमरन अपने फेवरेट क्रिकेटर कोहली से मिलना चाहती हैं। एएनआई से बात करते हुए सिमरन ने कहा कि, मुझे विराट कोहली सर बहुत पसंद हैं। मुझे उनसे मिलना है। कोहली से मिलना मेरा सपना है। उन्होंने कहा कि, मेरा सफर अभी शुरू हुआ है। मैं अपना बेस्ट देना चाहती हूं। कड़ी मेहनत करना चाहती हूं। मुझे एक और जर्सी चाहिए, जो इंडिया की जर्सी है। मैं उस सपने का पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हूं। क्रिकेट के प्रति सिमरन का जुनून बचपन में गली क्रिकेट से शुरू हुआ था। सिमरन जब धारावी में खेलती थीं तो आसपान के लोग उनके माता-पिता को बेटी से घर के काम करने की सलाह देते थे। उन्होंने बताया कि जब मैं बचपन में गली क्रिकेट खेलती थी तो लोग बोलते थे कि लड़की होकर लड़कों के साथ खेलती है।

## खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने 'फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव' लॉन्च किया

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में 'फिट इंडिया साइकिलिंग ड्राइव' को हरी झंडी दिखाई।

# भारत के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार, अब भी तालिका में तीसरे स्थान पर मौजूद

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया टीम डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है। दोनों टीमें अंक बांटने पर मजबूर हुई। ड्रॉ होने से भारत के डब्ल्यूटीसी अंक प्रतिशत में गिरावट आई और उसकी पीसीटी 57.29 से 55.88 पर पहुंच गई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिसबेन के गाबा मैदान पर खेला गया तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ पर समाप्त हो गया है। इस मुकाबले के बाद भारतीय टीम विश्व टेस्ट चौंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक तालिका में तीसरे स्थान पर मौजूद है। भारत के हालांकि अब भी डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें जिंदा है और वह दूसरे स्थान पर रहकर इसके लिए क्वालिफाई कर सकती है। तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीसरा टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सामने 275 रन का लक्ष्य रखा था। जवाब में भारत ने अपनी दूसरी पारी में बिना विकेट गंवाए आठ रन बना लिए थे।

**भारत अब भी फाइनल की दौड़ में शामिल**



**विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | ड्रॉ | अंक | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दक्षिण अफ्रीका | 10 | 6 | 3 | 0 | 1 | 76 | 63.33 |
| ऑस्ट्रेलिया | 15 | 9 | 4 | 0 | 2 | 106 | 58.89 |
| भारत | 17 | 9 | 6 | 0 | 2 | 114 | 55.88 |
| न्यूजीलैंड | 14 | 7 | 7 | 0 | 0 | 81 | 48.21 |
| श्रीलंका | 11 | 5 | 6 | 0 | 0 | 60 | 45.45 |
| इंग्लैंड | 22 | 11 | 10 | 0 | 1 | 114 | 43.18 |
| पाकिस्तान | 10 | 4 | 6 | 0 | 0 | 40 | 33.33 |
| बांग्लादेश | 12 | 4 | 8 | 0 | 0 | 45 | 31.25 |
| वेस्टइंडीज | 11 | 2 | 7 | 0 | 2 | 32 | 24.24 |




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह
आरएनआई न० UPHIN/2023/87118 मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।